||कर्म||
कर्म को धर्म से श्रेष्ठ माना गया है, क्योंकि धर्म करके ईश्वर से मांगना पड़ता है, जबकि कर्म करने से ईश्वर को ख़ुद ही देना पड़ता है।

RNI No. PUNBIL/2014/59416

# यूटर्न टाईम
UTURN TIME

UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA








VOL:01 | ISSUE:117 | THURSDAY, DATE: 12-05-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME


# नशे की ओवरडोज से युवक की मौत

## शव के पास मिलीं 2 सीरिंज, पुलिस को भी नशे से मौत का शक

### इकलौते बेटे की मां ने हत्या की आशंका जताई

लुधियाना/यूटर्न/12 मई। नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के पंजाब सरकार के दावों पर फिर बड़ा सवालिया निशान लगा है। महानगर के थाना सदर के इलाके धांदरा रोड पर खाली प्लाट में एक युवक का शव मिला। जिसके पास ही मेडिकल नशा करने के लिए इस्तेमाल होने वाली दो सिरिंज भी पड़ी मिलीं। मरने वाले युवक की आंखों से खून निकल कर जमा हुआ था। ऐसे में इसे पुलिस भी नशे की ओवरडोज से मौत का मामला माना रही है। हालांकि अपने इकलौते बेटे की मौत पर उसकी मां ने आशंका जताई कि शायद उसकी हत्या की गई है। जानकारी के मुताबिक मरने वाला युवक नवनीत पहले नशे का आदी था। उसकी माता ने भी माना कि वह नशा मुक्ति केंद्र में दाखिल कराया गया था। बाद में इलाके के कुछ युवक उसे फिर से नशे की दलदल में धकेलना चाहते थे। रोकने के बावजूद वह उसे साथ ले जाते थे।





### पुलिस भी चिंतित

मौके पर आए ज्वाइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस रवचरण सिंह बराड़ ने भी माना कि मामला नशे की ओर दोस्त का लग रहा है। की सही स्थिति पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगी। केशव के पास से सीरीज मिली है, उसकी किन लोगों से दोस्ती थी इसकी जांच की जा रही है। साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी लोग अपने बच्चों पर नजर रखें और नशा तस्करों को पकड़वाएं।

### सुधरना चाहता था नवनीत

उसकी माता के मुताबिक दो दिन पहले ही नवनीत ने मेहनत की कमाई करने के मकसद से ऑटो किराए पर लिया था। बुधवार की सुबह वह ऑटो चलाने की बात कहकर लड़कों के साथ चला गया और पूरे दिन वह नहीं आया। जबकि उसका ऑटो जैन मंदिर के पास खड़ा मिला। मार्मिक पहलू यह है कि मरने वाले नवनीत के पिता बीमारी के कारण बिस्तर पर हैं।

### नवनीत के अज्ञात दोस्तों के खिलाफ पर्चा दर्ज

शहीद भगत सिंह नगर के खाली प्लॉट में बने कमरे में से मिली नवनीत की लाश के पास से एक इंजेक्शन भी पुलिस को बरामद हुआ है। जिसके चलते थाना सदर की पुलिस ने नवनीत की माँ ओमा रानी के बयानों पर उसके अज्ञात दोस्तों के खिलाफ लापरवाही से मौत होने का मामला दर्ज किया है। क्योंकि नवनीत की माँ ओमा रानी का आरोप है कि उसे उसके दोस्तों ने नशे की ओवरडोज़ दी। जिस कारण उसकी मौत हो गई। ओमा का आरोप है कि नवनीत ने नशा छोड़ दिया था। लेकिन दोस्तों ने जबरन पिलाया। जिस कारण उसकी आँखों में से खून निकल रहा था। एएसआई सुभाष चंद अनुसार नवनीत के अज्ञात दोस्तों पर मामला दर्ज करके उनकी तलाश की जा रही है। इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे है।

## मान ना मान, बिक रहा नशा

पंजाब की आर्थिक राजधानी लुधियाना में 'मौत के सौदागरों' यानी नशा तस्करों की वजह से घर का इकलौता चिराग बुझ गया। मरने वाले नौजवान का पिता बीमार होने की वजह से बिस्तर पर है। वह नशे की दलदल से बाहर निकलना चाहता था। इसका सबूत यही है कि दो दिन पहले मेहनत की कमाई के लिए उसने ऑटो चलाना शुरु किया था। उसकी माता के मुताबिक वह नशे का शिकार रहा, नशा मुक्ति केंद्र में डाला गया, वह सुधारना भी चाह रहा था, कुछ नशेड़ी उसे फिर उसी दलदल की तरफ खींचकर ले गए। जिसका नतीजा उसकी मौत के रूप में सामने आया। चिंताजनक पहलू यही है कि महानगर के आउटर इलाकों के अलावा शहर के पॉश एरिया में भी ड्रग्स की लत की वजह से तमाम नौजवान अपनी जिंदगी गंवा चुके हैं। बेशक सूबे की नई सरकार की कमान संभालने वाली आम आदमी पार्टी नशा तस्करों पर नकेल कसने के दावे कर रही है, लेकिन नवनीत जैसे इकलौते बेटे की मौत उनके दावों पर एक बड़ा सवालिया निशान लगा रही है। हकीकत में अगर पंजाब की आप सरकार नशा तस्करों की कमर तोड़ना चाहती है तो उसे कम्युनिटी पुलिसिंग का सहारा लेना होगा। जिन परिवारों ने अपने बच्चे नशे की लत में खोए हैं, जाहिर तौर पर वह बढ़-चढ़कर पुलिस का साथ देंगे। बस जरूरत है कि सरकार एक ऐसी मुहिम चलाएं, जिसमें कानून अपना काम करें और जनता उनकी मददगार बने। जब सूबे में आतंकवाद का सफाया इसी पंजाब पुलिस ने किया था तो भला आतंकवादियों से कमजोर नशा तस्करों का तो पंजाब पुलिस आसानी से खात्मा कर सकती है।


संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

## जल संकट शुरू: ताजपुर रोड पर लोगों ने लगाया जाम

### लुधियाना ईस्ट हल्के में रोष प्रदर्शन



लुधियाना/यूटर्न/12 मई। भीषण गर्मी के दौरान पीने के पानी की समस्या को लेकर रोष प्रदर्शन भी शुरू हो गए हैं। लुधियाना ईस्ट हलके में लगती ईडब्ल्यूएस कालोनी के निवासियों ने जल संकट को लेकर रोष प्रदर्शन किया। वीरवार को ताजपुर रोड पर सड़क जाम कर इलाका विधायक के खिलाफ नारेबाजी भी की। इलाका निवासियों ने आरोप लगाया कि यहां पीने के पानी का संकट होने की वजह से तीसरी बार धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने रोष जताया कि रात में पावर कट लगने की वजह से टंकियों में पानी का स्टॉक नहीं कर पाते हैं। जबकि सुबह पानी की सप्लाई ठप रहती है। इस इलाके में ज्यादातर लोग नौकरी पेशा हैं, को जल संकट के चलते अपने जरूरी कामकाज और ड्यूटी छोड़कर पानी का इंतजाम करना पड़ता है। उनका यह आरोप भी है कि इलाका विधायक दलजीत सिंह उर्फ भोला गरेवाल से कई बार शिकायत की गई, निगम अधिकारियों से भी गुहार लगाई गई, लेकिन समस्या हल नहीं हुई। बताते हैं कि धरने प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर नगर निगम के एसडीओ अमृतपाल सिंह मौके पर पहुंचे उनके भरोसा दिलाने पर लोगों ने धरना प्रदर्शन खत्म किया एसडीओ ने दावा किया कि पानी की नियमित सप्लाई ट्यूबवेल से की जा रही है, बीच में कोई पानी की पाइप लाइन से छेड़छाड़ कर रहा होगा, की जांच कराई जाएगी।


## पुरानी रंजिश को लेकर कारोबारी शहर में फिर चली गोली

लुधियाना/यूटर्न/12 मई। वीरवार देर शाम लुधियाना के ढोलेवाल चौक के भगवान पुरा इलाके में पुरानी रंजिश के चलते गोली चली। बताया जा रही है कि आरोपी के खिलाफ मोहल्ला वासियों द्वारा पहले भी कई बार शिकायकतें की जा चुकी हैं। पुरानी रंजिश के चलते वीरवार देर शाम आरोपी ने मौका पाकर गोली चला दी। खास बात यह है कि जिस पर गोली चलाई गई थी वह किसी प्रकार बच गया परंतु गोली उसके साथी को लगने से साथी के घायल हो गया। घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवा गया है। गोली चलने की सूचना के साथ ही ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर रवचरण सिंह बराड़ मौके पर पहुंचे। घटना स्थल ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर के कार्यालय के लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। पुलिस ने इलाके की सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेते हुए कार्रवाई शुरु कर दी है। सीसीटीवी में काफी सुराग मिले हैं। बराड़ ने इलाकावासियों को जल्द आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। इलाकावासियों के अनुसार अगर पुलिस ने समय रहते कार्रवाई की होती तो आज की घटना को टाला जा सकता था। पिछले कुछ दिनों से कारोबारी शहर में निरंतर बढ़ रही अपराधिक घटनाओं से कारोबारियों में दहशत का माहौल है और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में है।



## 15 मई को बंद हो जाएगा नीट का रजिस्ट्रेशन

लुधियाना/यूटर्न/12 मई। स्टूडेंट्स के लिए एक महत्वपूर्ण जानकारी है। नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट यानि नीट के एग्जाम के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जल्द खत्म होने वाली है। नीट का रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 15 मई को बंद हो जाएगा। गौरतलब है कि इसका समय पहले 6 मई रखा गया था।



**17 जुलाई को एग्जाम :** नीट की परीक्षा 17 जुलाई को होगी, जिसमें पेपर बेस्ड टेस्ट के दौरान स्टूडेंट्स को 200 सवाल हल करने होंगे। इनके लिए हर सवाल 1 मिनट में हल करने को यानी कुल 200 मिनट का समय ही मिलेगा। गौरतलब है कि नीट की परीक्षा 13 भाषाओं में होगी।

**यह दस्तावेज जरूर देने हैं :** नीट एग्जाम देने वाले जिन उम्मीदवारों ने अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है, वह ध्यान रखें। इस एग्जाम में उनके पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ 10 से 200 केबी के बीच होने चाहिए। साथ ही 4 से 30 केबी के बीच स्कैन किए हुए सिग्नेचर के अलावा पोस्टकार्ड फोटोग्राफ, उंगलियों का थंब इंप्रेशन, कैटेगरी सर्टिफिकेट या सिटीजनशिप सर्टिफिकेट, दसवीं का सर्टिफिकेट जरूरी है। फोटोग्राफ में चेहरा बिना मास्क 80 फ़ीसदी दिखना चाहिए। यह भी गौरतलब है नीट एग्जाम के लिए एनटीए ने 15 मई की रात 11.50 रजिस्ट्रेशन प्रोसेस का समय दिया है। इसके बाद करेक्शन के लिए कब तक समय मिलेगा इसकी अभी जानकारी नहीं दी गई है। नीट एग्जाम जुलाई में होने हैं और 2 हफ्ते पहले इसके एडमिट कार्ड रिलीज किए जाएंगे।

## शुक्रवार को कई इलाकों में बंद रहेगी बिजली

लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। पीएसपीसीएल की 11 केवी फीडरों की मरम्मत की मुहिम के तहत शनिवार 14 मई को कई इलाकों में बिजली बंद रखी जाएगी। इस दौरान क्रमवार सुबह 9 से लेकर शाम 5: शाम 5 बजे तक जो इलाके प्रभावित होंगे, उनमें मेहरबान, बाजड़ा रोड का 50 परसेंट इंडस्ट्रियल एरिया, प्रेम कॉलोनी, विद्या विहार, प्रिया कॉलोनी, जीके एस्टेट, सीड़ा गांव, सीड़ा रोड 50 परसेंट इंडस्ट्री, और आसपास का इलाका शामिल रहेगा। इसी तरह सुबह 9.30 से दोपहर 2.30 बजे तक प्रकाश नगर, गोविंद नगर, पंजाब माता नगर और विकास नगर में बिजली सप्लाई बंद रहेगी। जबकि सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक इंडस्ट्रियल एरिया ए, टेक्सटाइल कॉलोनी, जीटी रोड और कैलाश नगर में बिजली सप्लाई बंद रहेगी।



### पंचशील कॉलोनी के निवासी अब करेंगे गांधीगिरी

## भ्रष्टाचार के विरोध में अपने ही खिलाफ पर्चा दर्ज होने पर लगाएंगे शांतिपूर्ण धरना

लुधियाना/यूटर्न/12 मई। शहर के फिरोजपुर रोड स्थित पंचशील कॉलोनी में पार्क की जगह पर कब्जे का मामला तूल पकड़ गया है। कॉलोनी वासी पंचशील लोधी वेलफेयर सोसाइटी की अगुवाई में 15 मई को शांतिपूर्ण धरना शुरू करेंगे। उनका रोष इस बात को लेकर है कि ग्लाडा अप्रूव्ड इस कॉलोनी में पाक के लिए छोड़ी गई जगह कॉलोनाइजर ने गुपचुप तरीके से किसी को क्यों बेच दी थी। उसी जगह की चारदीवारी को हटाकर पार के लिए जगह साफ करने पर पुलिस ने कॉलोनी वालों के खिलाफ ही उल्टा पर्चा दर्ज कर दिया। यहां गौरतलब है कि 15 मई को ही महानगर में मुख्यमंत्री भगवंत मान शहीद सुखदेव थापर के जन्मदिवस को समर्पित राज्य स्तरीय समागम में आ रहे हैं। ऐसे में पंचशील कॉलोनी के मामले में धरने को लेकर प्रशासनिक स्तर पर अधिकारियों की चिंता बढ़ सकती है।



यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# कुंदन विद्या मंदिर में साडा पंजाब, प्यारा पंजाब-एक जागरूकता रैली का आयोजन




लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। कुंदन विद्या मंदिर ने हमेशा अपने छात्रों में भविष्य के लिए दूरदृष्टि पैदा की है। इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय ने प्रोजेक्ट-माई पंजाब 2041 शुरू किया है। संयोगवश 2041विद्यालय का शताब्दी वर्ष है। इस परियोजना में कई गतिविधियाँ शामिल हैं जो इन युवा नागरिकों के दिलों में पंजाब के लिए गर्व पैदा करती हैं और साथ ही उन्हें अपने रंगला पंजाब में समृद्धि और खुशी वापस लाने के तरीकों और साधनों के बारे में सोचने पर विवश करती हैं इस पहल के तहत एक जागरूकता रैली - साडा पंजाब प्यारा पंजाब, हमारा पंजाब,हमारी शान निकाती गई। रैली को श्री शुभम वाधवा, गोल्ड मेडलिस्ट, पैरा नेशनल टेबल टेनिस चैंपियनशिप द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया गया। 300 से अधिक छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने तख्तियाँ लिए और पंजाब के विभिन्न पहलुओं-खान-पान, पहनावा, सांस्कृतिक विरासत, व्यवसाय इत्यादि की प्रशंसा करते हुए नारे लगाते हुए जागरूकता फैलाने के लिए लगभग 2 किलोमीटर की दूरी तय की। रैली को संबोधित करते हुए स्कूल के प्राचार्य श्री ए.पी. शर्मा ने कहा कि पंजाब हमेशा समृद्ध और विविध सांस्कृतिक विरासत के साथ एक ट्रेंडसेटर राज्य रहा है।

पंजाबियों को अपनी मातृभूमि पर गर्व महसूस करना चाहिए और इस रंगीन राज्य को गौरवान्वित करने के लिए मातृभूमि के गौरव की नींव को समृद्ध करने के लिए हर संभव प्रयत्न करना चाहिए।

# 16 मई के बाद ही मौसम के तेवर नरम होने का अनुमान



लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। वीरवार को हालात ऐसे रहे कि पंजाब के कई जिलों में सुबह से ही मौसम के तेवर तीखे रहे। माहिरो के मुताबिक 16 मई तक गर्मी इसी तरह सताती रहेगी। उसके बाद ही मौसम का मिजाज बदलने के आसार हैं। गौरतलब है कि आज कई जिलों में सुबह के समय से ही तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका था। जबकि इसके पहले बुधवार को अधिकतम तापमान फिरोजपुर जिले में 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। शुक्रवार को फिर से लूं का कहर शुरू होने की आशंका है। हेल्थ डिपार्टमेंट ने भी अलर्ट जारी करते हुए आगाह किया है कि इन दिनों बिना जरूरत घरों से बाहर निकलने में परहेज करें। गर्मी की वजह से इन दोनों में लोग हीट स्ट्रोक का शिकार हो सकते हैं।

## आधा किलो अफीम, एक लाख ड्रग मनी समेत युवक गिरफ्तार

लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। पुलिस की सीआइए-1 की टीम ने स्विफ्ट कार में आधा किलो अफीम ले जा रहे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। थाना सदर की पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर बेअंत जुनेजा ने बताया कि आरोपित की पहचान 55 वर्षीय रणदीप सिह निवासी मोहल्ला बेगोआना के रूप में हुई है। बेअंत जुनेजा ने बताया कि पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर लोहारा पुल पर की गई नाकाबंदी के दौरान उसे तब काबू किया, जब वो अपने ग्राहकों को अफीम की डिलीवरी देने के लिए जा रहा था।



# 14 मई को लुधियाना में कार्यकर्ताओं से मिलेंगे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा




लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। भाजपा लुधियाना की एक बैठक भाजपा के जिला प्रधान पुष्पेंदर सिंगल के नेतृत्व में स्थानीय सर्किट हाउस में हुयी। जिसमे पंजाब भाजपा के प्रधान अश्वनी शर्मा, पंजाब के उपाध्यक्ष राकेश राठौर विशेष तौर से पहुंचे। भाजपा पंजाब प्रधान अश्वनी शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान जेपी नड्डा पहली बार अध्यक्ष बनने पर 14 मई को लुधियाना में कार्यकर्तायों के सम्मेलन में पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह पाया जा रहा है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान जेपी नड्डा का स्वागत करने के लिए जोरदार तैयारियां की जा रही है। भाजपा प्रधान ने कहा की लुधियाना में 14 मई को बड़ी संख्या में पार्टी वर्कर अपने पार्टी प्रधान का स्वागत करने के लिए पहुंचेंगे। वहीं, उन्होने आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पंजाब में रोजाना हो रही आतंकी गतिविधियों से साफ नजर आ रहा है कि पंजाब सरकार हर फ्रंट पर फेल होती जा रही है और पंजाब में अमन कानून की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रधान लुधियाना में पार्टी वर्करों के साथ बैठकें करेंगे और पार्टी की मजबूती के लिए उन्हें टिप्स देंगे। इस मौके पर लुधियाना भाजपा के जिला महामंत्री राम गुप्ता, कांतेन्दु शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुनील मौगिल, अजिंदर सिंह, आईटी व सोशल मीडिया के सह सयोंजक हर्ष सरीन आदि मौजूद थे।

# श्री दुर्गा माता मंदिर, नजदीक जगराओं पुल में साप्ताहिक चौंकी आयोजित



लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। श्री दुर्गा माता मंदिर, नजदीक जगराओं पुल में साप्ताहिक चौकी का आयोजन किया गया। चौकी में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। चौकी में अशोक अरोड़ा, गौरव अरोड़ा, साहिल खुराना, प्रियंका खुराना मुख्यतिथि के रूप में शामिल हुए। चौकी का शुभारंभ मुख्यतिथियों ने ज्योति प्रज्ज्वलित करके किया। चौंकी में भजन गायक राजू मान ने मधुर भजनों के साथ मां का गुणगान किया। इस मौके पर अशोक अरोड़ा तथा साहिल खुराना ने कहा कि सच्चे मन से मां की पूजा करने से सब मनोकामनाएं पूरी होती है। श्री दुर्गा माता मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर श्री दुर्गा माता मंदिर ट्रस्ट के सीनियर उपचेयरमैन वरिंदर मित्तल, सचिव अश्वनी जैन, भूपिंदर रॉकी, जतिंदर, अमित अरोड़ा, के.के. सूरी, पूर्णचंद कैथ, रितु जौहर, सीमा बत्रा, पूर्ण भगत, अनिल शर्मा, रिंपी वर्मा आदि मौजूद हुए।

श्रद्धांजलि



आपको दु:खी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारे आदरणीय

श्री जतिंदर कुमार धीर

जो 01.05.2022 को अपनी संसारिक यात्रा पूर्ण कर प्रभु चरणों में विलीन हो गए हैं। उनकी आत्मिक शांति हेतु रखी गई प्रार्थना सभा एवं रस्म किरिया दिनांक 13.05.2022 दिन शुक्रवार को दोपहर 2 से 3 बजे तक श्री राम दरबार मंदिर, किचलू नगर, लुधियाना में संपन्न होगी ।

श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता

Sama Family | Kaura Family | Dhir Family

FIRST fine Collection | CAMBRIA COLLEGE CANADA | AD DYEING

# नगर निगम लुधियाना के अधिकारी हिन्दुओं के साथ कर रहे दूसरे दर्जे का व्यवहार



लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। श्री दक्षिणेश्वरी महादेव मन्दिर को दो बार आग लगाये जाने के प्रयास के वावजूद भी नगर निगम लुधियाना के अधिकारी हाथ पर हाथ रख कर सो रहे अधिकारियों को जगाने के नगर निगम दफ्तर जोन डी पर धरना दे अपना रोष प्रकट किया। इससे पहले मन्दिर के सेवादारों ने लकडियां उठा नगर निगम दफ्तर लेकर जाने की कोशिश की जिसे मोके पर पुलिस दुबारा पहुंच रोक दिया गया। हिन्दू संयुक्त मोर्चा के संयोजक राजीव टंडन ने कहा कि जिस तरह नगर निगम के अधिकारी मन्दिर को आग लगाने के प्रयास के मामले पर चुप्पी साधे हुए बैठे है उससे लगता है नगर निगम के अधिकारी मन्दिर के साथ अनहोनी होने का इंतज़ार कर रहे है। टंडन जी ने कहा माँ के पावन नवरात्रों पर लगातार 2 दिन मन्दिर के पास पड़ी लकड़ी में भयकंर आग किसी शरारती तत्व दुबारा लगाई गई थी। अगर समय रहते मुहहल्ले वाले न जागते व फायर ब्रिग्रेड की गाड़ियां मोके पर न पहुंचती तो मन्दिर भी आग की चपेट में आ सकता था। इतनी बड़ी घटना होने के वावजूद न तो प्रशासन दुबारा दोषियों को पकड़ने का प्रयास किया गया न नगर निगम अधिकारियों दुबारा वहां से लकडियॉ उठाने में कोई दिलचस्पी दिखाई गई। इस मौके पर हिन्दू नेताओ अरविंद वालिया प्रिंस शर्मा अमित अरोड़ा अजय मिश्रा भानु प्रताप सुमित जसूजा नीतीश नारंग अमित कोंडल रितेश राजा नीरज भारद्वाज पवन मान अनिल पराशर गौरव वर्मा मोती भनोट विनय भारती मयंक गुप्ता डॉ राजिंदर चौधरी रितिक ग्रोवर बलवीर कुमार ने सवाल करते हुए कहा अगर यह सब किसी ओर धार्मिक स्थान के साथ होता तो क्या तब भी प्रशासन का यह रवैया रहता नगर निगम जोन डी के बाहर हिन्दू नेताओं ने जबरदस्त नारेबाजी की।

## गुरुज्ञान बिहार में चोरो का आतंक, एक माह में 10 से ज्यादा चोरियां

लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। दुगरी फेस 1 के नजदीक गुरुज्ञान बिहार में चोरों के के आतंक से इलाकावासी निरंतर परेशानी झेल रहे हैं। इलाकावासी मनकर गर्ग ने बताया कि पिछले एक महीने में जहां 9 से 10 गाड़ियों का बैट्रियां चोरी की जा चुकी हैं वहीं वीरवार दोपहर 2.30 बजे दूसरी बार स्कूटर चोरी की घटना हुई। इससे पहले इलाके के प्रधान का भी स्कूटर चोरी हो चुका है। गर्ग ने बताया कि शहर में लगातार लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति बिगड़न से व अपराधिक घटना बढ़ने से लोग परेशान हैं। अगर यही हाल रही तो पंजाब के लोग एक बार फिर पलायन करने को मजबूर हो जाएंगे।

## पंडित राजन शर्मा की माता बिमला शर्मा पंचतत्व में विलीन




लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। पंडित राजन शर्मा व साजन शर्मा की माता स्व बिमला देवी का वीरवार सुबह निधन हो गया है जिनका देर शाम 5 बजे दुगरी श्मशान घाट में विधिवत संस्कार कर दिया गया। स्व बिमला देवी हंसमुख स्वभाव की धार्मिक महिला थी भगवान में कड़ी आस्था रखने वाली बिमला देवी के सिद्धांत व मार्गदर्शन के चलते उनके बड़े सपुत्र पंडित राजन शर्मा ज्योतिष विद्या से देश की मुख्य शख्सियतों में पहचान रखते है। उनकी अंतिम यात्रा में अजय शर्मा, विजय दत्ता, आशुतोष मौदगिल, विनोद शर्मा, अश्विनी शर्मा काकू, वरुण शर्मा, जतिंदर कुमार प्लाहा, सुरेश कुमार जुनेजा, मनोज मौदगिल गीता मंदिर विकास नगर के प्रदीप ढल्ल, राकेश जैरथ, योगेश सचदेवा, परवीन डग, जतिंदर सलूजा, राजेश शर्मा साबु , सुरिंदर नैय्यर बिट्टू , नरेंद्र सिंह शर्मा, रमेश दत्ता, बिट्टू दत्ता, हरिदेव कौशल, विजय दत्ता, लोकेश शुक्ला, पंकज गौतम, नीरज शर्मा सहित असंख्य लोग शामिल हुए।

सालगिरह मुबारक



नरिंदर काला और लीना शर्मा

जन्मदिन मुबारक



अजय यादव

जन्मदिन मुबारक



तरविंदर ढींगरा



साहिब

PUBLISH YOUR Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
belfrance bakers & chocolatiers
0161-4612000, 4633305
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार फ्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 - 3
M: 98142-95372

# एअर इंडिया के नये सीईओ बने कैंपबेल विल्सन

मुंबई / यूटर्नः टाटा संस ने कैंपबेल विल्सन को एअर इंडिया का नया MD और CEO बनाया है। एयर इंडिया के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने इस नियुक्ति पर कहा, 'एयर इंडिया में कैंपबेल का स्वागत करते हुए मुझे खुशी हो रही है। वह इंडस्ट्री के दिग्गज हैं। एअर इंडिया को अनुभव से फायदा मिलेगा।
मैं वर्ल्ड क्लास एयरलाइन बनाने में उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। 50 साल के विल्सन के पास एविएशन इंडस्ट्री का 26 साल का अनुभव है। इसमें फुल सर्विस और लो-कॉस्ट दोनों एयरलाइन्स शामिल है। उन्होंने सिंगापुर एयरलाइंस (SIA) ग्रुप के लिए जापान, कनाडा और हॉन्गकॉन्ग जैसे देशों में 15 से अधिक वर्षों तक काम किया है। यहां हम आपको ये भी बता दें कि टाटा के स्वामित्व वाली एयरलाइन विस्तारा में SIA भी पार्टनर है। कैंपबेल विल्सन ने कहा, 'आईकॉनिक एयर इंडिया का नेतृत्व करने और टाटा ग्रुप का हिस्सा बनने के लिए चुना जाना एक सम्मान की बात है। एअर इंडिया दुनिया की बेस्ट एयरलाइन्स में से एक बनने की रोमांचक यात्रा पर है। मैं उस महत्वाकांक्षा को साकार करने के मिशन में एअर इंडिया और टाटा के सहयोगियों के साथ जुड़ने के लिए उत्साहित हूं। विल्सन ने न्यूजीलैंड में कैंटरबरी यूनिवर्सिटी से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर ऑफ कॉमर्स (फर्स्ट क्लास ऑनर्स) किया है। उन्होंने



1996 में न्यूजीलैंड में सिंगापुर एयरलाइन्स के साथ मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने कनाडा, हॉन्ग कॉन्ग और जापान में SIA के लिए काम किया। सिंगापुर लौटकर 2011 में लो कॉस्ट एयरलाइन स्कूट के फाउंडिंग CEO के रूप में काम किया। 2016 तक वो इस पद पर रहे। अप्रैल 2020 में दोबारा स्कूट के CEO बनने से पहले उन्होंने SIA में सेल्स और मार्केटिंग के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट के रूप में काम किया। इस दौरान उन्होंने प्राइसिंग, डिस्ट्रिब्यूशन, ई-कॉमर्स, मर्चेंडाइजिंग, ब्रांड एंड मार्केटिंग, ग्लोबल सेल्स और एयरलाइन ओवरसीज ऑफिसेज को देखा। अब उन्हें एअर इंडिया की कमान सौंपी गई है। उम्मीद की जा रही है कि स्कूट एयरलाइन का उनका एक्सपीरिएंस एअर इंडिया के काफी काम आएगा। टाटा ने इससे पहले तुर्किश एयरलाइंस के पूर्व चेयरमैन इल्कर आयसी को MD और CEO नियुक्त किया था, लेकिन बाद में उन्होंने एयरलाइन की कमान संभालने से इनकार कर दिया। टाटा संस के पास इस समय तीन एयरलाइंस हैं।
इसमें एयर एशिया, विस्तारा और एअर इंडिया शामिल हैं। टाटा ग्रुप ने एअर इंडिया की 100% हिस्सेदारी 18,300 करोड़ रुपए में खरीदी थी। 27 जनवरी को यह डील पूरी हुई और उस दिन से टाटा संस इसका मालिक हो गया। टाटा संस के टेकओवर के बाद टाटा देश की दूसरी बड़ी एयरलाइन बन गई है। इसका पूरा शेयर टैलेस प्राइवेट लिमिटेड को ट्रांसफर किया जा चुका है।

# अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे गिरकर कमजोर

मुंबई / यूटर्नः वैश्विक स्तर पर मुद्रास्फीति को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच निवेशकों की जोखिम से बचने की भावनाओं के कारण गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे की गिरावट के साथ 77.40 (अनंतिम) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि कमजोर घरेलू इक्विटी, विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर में तेजी और लगातार विदेशी फंड के बहिर्वाह से भी रुपये पर असर पड़ा है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अपने ऑल-टाइम इंट्रा-डे लो लेवल 77.63 पर आ गया। इंटरबैंक फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में रुपया 77.52 पर खुला था और दिन के कारोबार में 77.36 से 77.63 के दायरे में रहा। फिर, अंत में रुपया अपने पिछले बंद के



मुकाबले 15 पैसे की गिरावट के साथ 77.40 पर बंद हुआ। बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 77.25 पर बंद हुआ था। विश्लेषकों ने कहा कि अप्रैल में अमेरिकी खुदरा महंगाई दर अनुमान से कहीं ज्यादा रही इसीलिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दरों में आक्रामक बढ़ोतरी की आशंकाओं को हवा मिली। इससे ग्रोथ प्रभावित हो सकती है। ऐसे में वैश्विक इक्विटी बाजार में भी भारी गिरावट देखने को मिली। घरेलू इक्विटी बाजार के मोर्चे पर देखें तो बीएसई सेंसेक्स 1,158.08 अंक या 2.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52,930.31 पर बंद हुआ जबकि व्यापक एनएसई निफ्टी 359.10 अंक या 2.22 प्रतिशत गिरकर 15,808 पर बंद हुआ।

# आरआईएल का सालाना राजस्व 100 बिलियन डॉलर के पार

नई दिल्ली / यूटर्नः मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड अब 100 अरब डॉलर से अधिक का वार्षिक राजस्व हासिल करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। ऐसा प्रदर्शन पूरे परिचालन व्यवसाय में मजबूत वृद्धि के कारण था। वित्त वर्ष 2012 की चौथी तिमाही के नतीजों में रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) ने एक नया मुकाम हासिल किया है। मुकेश अंबानी समर्थित कंपनी अब 100 बिलियन डॉलर से अधिक का वार्षिक राजस्व हासिल करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। मार्केट कैप के हिसाब से देश की सबससे बड़ी कंपनी रिलायंस का नेट प्रॉफिट मार्च 2022 तिमाही में करीब 23 फीसदी बढ़ गया। तेल रिफाइनिंग में बंपर मार्जिन, टेलीकॉम व डिजिटल सर्विसेज में तेज ग्रोथ और पॉजिटिव खुदरा कारोबार के चलते रिलायंस की




कमाई में इजाफा हुआ। दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी की कंपनी ने आज (6 मई) को पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की आखिरी तिमाही जनवरी-मार्च 2022 के नतीजे घोषित किए हैं।
इसके मुताबिक रिलायंस का मार्च 2022 तिमाही में कंसालिडेटेड नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 13,227 करोड़ रुपये से बढ़कर 16,203 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, जियो ने पहले ही 20,901 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 20.5% अधिक है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने जनवरी-मार्च तिमाही में 33,493 करोड़ रुपये का समेकित EBITDA दर्ज किया। 31 मार्च 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष में आरआईएल का राजस्व 100 बिलियन डॉलर को पार करते हुए 7.92 लाख करोड़ रुपये रहा। जियो का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर मार्च 2022 तिमाही में 24 फीसदी बढ़कर 4173 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।
वहीं, कमाई भी सालाना आधार पर बढ़कर 17381 करोड़ रुपये से बढ़कर 20,901 करोड़ रुपये हो गया। पूरे वित्त वर्ष की बात करें तो कंपनी को 2021-22 में नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 12,015 करोड़ रुपये से बढ़कर 14,817 करोड़ रुपये हो गया और कमाई (रेवेन्यू फ्रॉम ऑपरेशंस) सालाना आधार पर बढ़कर 69,888 करोड़ रुपये से बढ़कर 76,977 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# अब रतन टाटा की कंपनी बनाएगी बैटरी

नई दिल्ली / यूटर्नः भारत में टेक से लेकर ऑटो इंडस्ट्री तक के कारोबार में शामिल टाटा ग्रुप भारत और विदेशों में बैटरी कंपनी शुरू करने की तैयारी में है। टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने बुधवार को इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि टाटा इन दिनों इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण पर जोर दे रहा है। उन्होंने कहा कि टाटा ग्रुप सभी कारोबार में बदलाव कर रहा है। इसमें टाटा मोटर्स और इसकी ब्रिटिश लग्जरी यूनिट जगुआर लैंड रोवर भी शामिल हैं। भारत की सबसे बड़ी इलेक्ट्रिक कार निर्माता टाटा मोटर्स की 2025 तक 10 इलेक्ट्रिक मॉडल लॉन्च करने की योजना है, जबकि जगुआर लैंड रोवर का लग्जरी जगुआर ब्रांड 2025 तक पूरी तरह से इलेक्ट्रिक हो जाएगा और कार निर्माता 2030 तक अपने पूरे लाइनअप के ई-मॉडल लॉन्च करेगा।

# महामारी के बाद भारत का पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोरः अधिकारी

दुबई। कोविड-19 महामारी के बाद भारत पश्चिम एशिया क्षेत्र के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिश कर रहा है। इसके तहत भरोसा कायम करने की रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। पर्यटन मंत्रालय के अतिरिक्त महानिदेशक रूपिंदर बराड़ ने मंगलवार को यहां अरब ट्रैवल मार्ट के दौरान मीडिया से बात करते हुए यह बात कही।
अरब ट्रैवल मार्ट की शुरुआत नौ मई को हुई थी। उन्होंने कहा कि पर्यटन के लिहाज से पश्चिम एशिया भारत के प्रमुख लक्षित बाजारों में एक है। उन्होंने कहा कि भारत उन कठिनाइयों को कम करने की कोशिश कर रहा है, जो कोरोना वायरस महामारी के




कारण पर्यटकों के लिए पैदा हुई थीं, और जिसने विश्व अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया से बड़ी संख्या में पर्यटक चिकित्सा, खुशहाली, लक्जरी पर्यटन के लिए भारत आते हैं और सरकार मध्य पूर्व के बाजार में भारतीय पर्यटन को समग्र रूप से बढ़ावा दे रही है।

# सउदी अरामको की वैल्यू हुई सबसे ज्यादा : रिपोर्ट

सेन फ्रांसिस्को। पेट्रोलियम पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमतों ने शेयर बाजार को बहुत हद तक प्रभावित किया है। कुछ तेल कंपनियां काफी फायदे में हैं। सऊदी अरब की प्रमुख तेल कंपनियों में से एक सऊदी अरामको के शेयरों की कीमतों में हाल के दिनों में काफी तेजी देखने को मिली है। शायद इसी का नतीजा रहा है कि सऊदी अरामको एप्पल को पीछे छोड़ दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई है। बता दें कि एप्पल की शेयरों में गिरावट की वजह से ऐसा हुआ है। सऊदी अरब की नेशनल पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस कंपनी दुनिया की सबसे बड़ी तेल उत्पादक कंपनी के रूप में जानी जाती है। शेयर मार्केट के आखिरी कारोबारी सत्र में इसके शेयरों की कीमत के लिहाज से इस कंपनी की वैल्यू 2.42 ट्रिलियन डॉलर थी। इस बीच, एप्पल ने पिछले एक महीने में अपने शेयर की कीमतों में गिरावट देखी है और बुधवार को ऑफिसियल ट्रेडिंग समाप्त होने पर इसका मूल्य 2.37 ट्रिलियन डॉलर था। इस साल के पहले तीन महीनों में मजबूत कनज्यूमर डिमांड के बीच ऐप्पल ने उम्मीद से बेहतर मुनाफे की रिपोर्ट की है। इसके बावजूद शेयरों की कीमत में गिरावट आई है। एप्पल ने कहा है कि कोविड की वजह से सप्लाइ चेन प्रभावित हुई है। एप्पल के सीएफओ Luca Maestri ने बताया कि कोविड से संबंधित व्यवधानों की वजह से उद्योग प्रभावित हुआ है। ग्राहकों की मांग को पूरा करने की हमारी क्षमता प्रभावित हो रही है।

# अप्रैल में यात्री वाहनों की थोक बिक्री 4% घटी



नई दिल्ली / यूटर्नः घरेलू बाजार में कारखानों से डीलरों तक यात्री वाहनों की आपूर्ति या थोक बिक्री अप्रैल में चार प्रतिशत घट गई। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि आपूर्ति पक्ष की चुनौतियों के कारण यह गिरावट हुई। घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल, 2021 में 2,61,633 इकाई थी, जो पिछले महीने घटकर 2,51,581 इकाई रह गई। पिछले महीने यात्री कारों की थोक बिक्री 1,12,857 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 1,41,194 इकाई थी। हालांकि, समीक्षाधीन अवधि में यूटिलिटी वाहनों की थोक बिक्री बढ़कर 1,27,213 इकाई हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 1,08,871 इकाई थी। इसी तरह अप्रैल, 2022 में वैन की थोक बिक्री 11,511 इकाई रही, जो अप्रैल 2021 में 11,568 इकाई थी। समीक्षाधीन अवधि में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 11,48,696 इकाई हो गई। इस दौरान तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री में भी बढ़ोतरी हुई।
सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, यात्री वाहनों की बिक्री अभी भी अप्रैल, 2017 के आंकड़ों से कम है, जबकि दोपहिया वाहनों की बिक्री अप्रैल, 2012 के आंकड़ों से कम है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा विनिर्माता हाल में रेपो दर में हुई बढ़ोतरी के कारण मांग पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन भी कर रहे हैं।

# अडानी ग्रुप के शेयरों में 34 फीसदी की गिरावट

नई दिल्ली / यूटर्नः एशिया के सबसे बड़े अरबपति गौतम अडानी के नेतृत्व वाले अडानी ग्रुप की कंपनियों अडानी विल्मर, अडानी ग्रीन, अडानी पावर, अडानी टोटल गैस, अडानी इंटरप्राइजेज, अडानी ट्रांसमिशनऔर अडानी पोर्ट्स के शेयरों ने अपने अब तक के उच्चतम स्तर से 34 फीसद की गिरावट दर्ज की है। हाल ही में लिस्ट हुई अडानी विल्मर ने 28 अप्रैल, 2022 को अपने अब तक के उच्चतम 878.35 रुपये से 33.60 फीसद की गिरावट दर्ज की। दूसरी ओर, बेंचमार्क बीएसई सेंसेक्स 10 मई, 2022 को 12.66 फीसद गिरकर 54,364.85 पर आ गया। अपने जीवनकाल के उच्चतम स्तर 62,245.43 के मुकाबले, जो 19 अक्टूबर, 2021 को हिट हुआ। बाजार विश्लेषक अडानी समूह के शेयरों में खरीदारी करने से



पहले निवेशकों को मूल्यांकन पर ध्यान न देने की सलाह दे रहे हैं। अडानी ग्रीन एनर्जी, अडानी ट्रांसमिशन, अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अडानी टोटल गैस, अडानी पावर और अडानी एंटरप्राइजेज सहित अन्य समूह के शेयरों में भी मई तक के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर से 10, 2022 तक 12 फीसदी से 19 फीसदी की गिरावट आई है। हाल के दिनों में बाजार में गिरावट के बावजूद अडानी समूह के अधिकांश शेयरों का मूल्य अधिक है और समूह की कंपनियों की बुनियादी बातों और गुणवत्ता का आकलन करना मुश्किल है। फिर भी, विशेषज्ञों को लगता है कि अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन अन्य समूह की कंपनियों की तुलना में उचित मूल्यांकन के साथ एक मौलिक रूप से अच्छी कंपनी है। वहीं, अडानी विल्मर, जो भारत में सबसे बड़ा ब्रांडेड खाद्य तेल और पैकेज्ड फूड बिजनेस है। कंपनी के उत्पादों की मांग बहुत अधिक है और यह भू-राजनीतिक कारकों के कारण मध्यम अवधि में अपनी इनकम बढ़ाने के लिए तैयार है। अगर आप मध्यम से उच्च जोखिम वाले निवेशकों की कैटेगरी में हैं तो अडानी समूह के शेयर में निवेश कर सकते हैं।

# लुधियाना के पुलिस कमिश्नर व् डिप्टी कमिश्नर ने भाव सहित स्वीकार किया स्थापना दिवस का निमंत्रण

## स्थापना दिवस पर सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम, भक्तों के लिए होगा अटूट भंडारे का प्रबंधः अमन जैन/अनुज मदान



लुधियाना/यूटर्न/12 मई। हनुमानजी की भक्ति नई उमंग,उत्साह, ऊर्जा व आशाओं के साथ असफलताओं व निराशा के अंधेरों से निकल नये लक्ष्यों और सफलता की ओर बढने की प्रेरणा देती है उक्त शब्द सिद्धपीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर के प्रधान अमन जैन व् सेवक अनुज मदान ने गणमान्य अतिथियों को 18 वें वार्षिक स्थापना दिवस के निमंत्रण देने के दौरान कहे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जोशी नगर धाम का 27 मई को होने वाले 18 वें वार्षिक स्थापना दिवस की तैयारियां पुरे उत्साह के चल रही है और मंदिर कमेटी की पूरी टीम के साथ स्वयं बारीकी से इसका निरीक्षण कर रहे है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध होंगे व् भक्तों के लिए अटूट भंडारे का उचित प्रबंध मंदिर कमेटी की तरफ से किया गया है। इस अवसर पर प्रधान अमन जैन व् सेवक अनुज मदान, मुख्य सेवादार ज्योति गुप्ता,सौरव जैन ने कहा की श्री बाला भगवान शिव के 11 वें रुद्रावतार सबसे बलवान और बुद्धिमान माने जाते हैं उन्होंने कहा कि इस धरा पर जिन सात मनीषियों को अमरत्व का वरदान प्राप्त है, उनमें भगवान बजरंग बली भी हैं। स्थापना दिवस निमंत्रण के दौर में पुलिस कमिश्नर लुधियाना कौस्तुभ शर्मा, डिप्टी कमिश्नर लुधियाना, सुरभि मलिक, विधायक अशोक पराशर पप्पी, सीनियर डिप्टी मेयर शाम सुन्दर मल्होत्रा, निगम बोध जी महाराज, महामंडलेश्वर 1008 वेद भारती जी महाराज, योगी भास्कर नाथ जी महाराज,ज्योतिषाचार्य अजय वशिष्ठ, मुनीश गोयल, राजिंदर कपूर, अमित कपूर, त्रिवेणी आर्मी स्टोर, लोक कल्याण सोशल वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान सुनील मैनी, लव मैनी, अमित अरोड़ा, राजू वोहरा, अन्य गणमान्य अतिथियों को स्थापना दिवस के निमंत्रण दिए गए। इस अवसर पर ज्योति गुप्ता, सौरव जैन, अरविन्द टिल्लू, निशांत चोपड़ा, नरिंदर नंदू,अमित कपूर, आदि उपस्थित हुए।

# पावर ऑफ अटॉर्नी बंद कराने को लेकर लोगों ने किया हंगामा



लुधियाना/यूटर्न/12 मई। यहां सब रजिस्ट्रार दफ्तर लुधियाना वेस्ट में पावर ऑफ अटॉर्नी बंद करने के मामले में लोगों ने वकीलों के साथ मिलकर रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि वह इस बात पर भड़क गए सीएम को बताया गया पावर ऑफ अटॉर्नी बंद करने का फैसला यूनियन की मीटिंग में लिया गया है। लोगों की दलील यह थी कि यह कोई सरकारी आर्डर नहीं है। फिर भला रेवेन्यू महकमे की यूनियन इस मामले में ऐसा कोई फैसला कैसे कर सकती है। हालांकि इस मामले में सरकार और प्रशासन की ओर से कोई स्पष्टीकरण देने वाला बयान लाल तक सामने नहीं आया है।

# जेपी नड्डा की पंजाब फेरी से होगी प्रदेश के सुनहरे भविष्य की शुरुआतः बिक्रम सिंह सिद्धू



लुधियाना / यूटर्न /12 मई। देश की महान व दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, जेपी नड्डा का योद्धाओं, गुरुओं, पीरो की महान धरती पंजाब आने पर उनका पूरे महानगर वासियों की ओर से भव्य स्वागत किया जाएगा। उक्त शब्द अग्र नगर मंडल की ओर से 14 मई की तैयारियों के संबंध में रखी मीटिंग का जायजा लेते हुए ऐडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू ने कहे। एडवोकेट बिक्रम सिंह सिद्धू ने कहा कि राज्य के सुंदर भविष्य, समृद्धि और प्रगति को लेकर जेपी नड्डा का गर्मजोशी से स्वागत किया जाएगा और उम्मीद की जायेगी कि आने वाले समय में पंजाब में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी व आम लोगो को उनकी प्राथमिक व जरूरी सहुलते मुहैया करवा अच्छे राज्य की स्थापना की जा सकेगी।

चंदन नगर में नाके पर पकड़ी कार

# लगा था पुलिस का स्टीकर, अंदर मिले तेजधार हथियार

लुधियाना/यूटर्न/12 मई। हैबोवाल पुलिस ने शहर के चंदन नगर इलाके में नाकाबंदी के दौरान एक कार को शक के आधार पर रोका। पंजाब पुलिस का स्टीकर लगा हुआ था तलाशी लेने पर उसके अंदर तेजधार हथियार बरामद हुए। उसमें बैठे हुए युवकों को हिरासत में ले लिया गया। सूत्र बताते हैं कि हिरासत में लिए गए दो युवकों के खिलाफ इसके पहले ही पुलिस केस दर्ज हैं।



# बदमाशों ने मोहाली से टैक्सी बुक कर लुधियाना में ड्राइवर को लूटा

## कैश, मोबाइल फोन छीना, कार गड्ढे में फंसी तो छोड़कर भागे



लुधियाना / यूटर्न / 12 मई।एक बदमाश ने मोहाली से टैक्सी बुक करने के बाद लुधियाना पहुंचने पर अपने साथियों की मदद से उसके ड्राइवर को लूट लिया। उसके पास मौजूद 4 हजार नकदी, 3 एटीएम और दो क्रेडिट कार्ड के अलावा आईफोन छीनने के बाद उसकी कार भी लूटकर ले जाने की कोशिश की। एसएएस नगर के बलौंगी इलाके में रहने वाले सतनाम सिंह के साथ यह वारदात हुई। उसने बताया कि 2 दिन पहले एक युवक ने उसकी स्विफ्ट डिजायर कार मोहाली से लुधियाना तक के लिए बुक की थी। यहां शिवपुरी इलाके में पहुंचने के बाद उसके दो और साथी कार में सवार हो गए। जिन्होंने लाड्डोवाल बाईपास पहुंचने के बाद उसका फोन, कैश, एटीएम के अलावा चांदी का कड़ा छीन लिया। फिर रस्सी से उसका गला दबाकर मारने की कोशिश भी की। यह तो शुक्र रहा कि लाड्डोवाल बाईपास के नजदीक सड़क टूटी होने के कारण कार का पहिया उसमें फंस जाने के बाद तीनों बदमाश उतरकर फरार हो गए।

# सुखदेव थापर के जन्म दिवस पर 15 मई को आएंगे सीएम

लुधियाना/यूटर्न/12 मई। शहीद-ए-आजम भगत सिंह राजगुरु के साथी सुखदेव थापर के जन्मदिवस पर 15 मई को यहां उनकी जन्मस्थली नौघरा मोहल्ले में समागम होगा। इस बार समागम में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के भी आने की संभावना है। इसके मद्देनजर डिप्टी कमिश्नर सुरभि मालिक और पुलिस कमिश्नर डॉ. कौस्तुभ शर्मा ने शहीद सुखदेव थापर की जन्मस्थली पहुंचकर महा का जायजा लिया। यहां गौरतलब है कि शहीद के बारिश हो और उनके नाम पर बने ट्रस्ट के मेंबरों ने इस जगह भूख हड़ताल शुरू की थी। रोज इस बात को लेकर था कि शहीद की जन्मस्थली से लेकर चौड़ा बाजार तक सीधा रास्ता नहीं मिल सका है। शहीद की जन्मस्थली के ब्यूटीफिकेशन का काम भी लंबे वक्त से अधूरा है।



डीसी और पुलिस कमिश्नर ने जन्मस्थली का लिया जायजा

# ईशा फाउंडेशन की ओर से बच्चों को मिट्टी बचाने के बारे में जागरूक किया गया

## कुंदन विद्या मंदिर में 'द कॉन्शियस प्लेनेट- मिट्टी बचाओ' अभियान का आयोजन

लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। मिट्टी के संरक्षण के महत्व को बताने के लिए मई 11 और 12, 2022 को कुंदन विद्या मंदिर के प्रांगण में ईशा फाउंडेशन लुधियाना के सहयोग से' द कॉन्शियस प्लेनेट- मिट्टी बचाओ' अभियान का शुभारंभ किया गया।




इसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने मिट्टी के संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिखे। ईशा फाउंडेशन की ओर से बच्चों को मिट्टी बचाने के बारे में जागरूक भी किया गया।फाउंडेशन की ओर से सद्गुरु के इस विचार को आगे बढ़ाया गया कि विश्व की सभी समृद्धियों का स्रोत मिट्टी के जादू में छिपा है। बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं इसलिए उन्हें हमारी धरती को हरा- भरा और समृद्ध बनाने के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य ए.पी. शर्मा ने भी इस बात पर जोर दिया कि धरती और इसकी मिट्टी के बचाव में ही सारी समृद्धि छिपी है क्योंकि 'मिट्टी से जीवन का आरंभ होता है और मिट्टी ही हमें जीवनदायी भोजन देती हैं। सभी विद्यार्थियों ने मिलकर मिट्टी के बचाव की सौगंध उठाई।

# हाई अलर्टः रेलवे स्टेशन पर चलाया तलाशी अभियान





लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। मोहाली में आतंकी हमले के बाद लुधियाना में खासतौर पर एहतियात बरती जा रही है। रेलवे पुलिस ने आज भी पूरे स्टेशन परिसर और प्लेटफार्म पर विशेष तलाशी अभियान चलाया। शक्की के लोगों इस अवसर पर पूरी जांच पड़ताल की गई।

# दो दिवसीय वेहड़ा शगनां दी लाइफस्टाइल एग्जीबिशन में देखने को मिले लेटेस्ट फैशन ट्रेंड्स









लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। लुधियाना के होटल पार्क प्लाजा में दो दिवसीय वेहड़ा शगनां दी लाइफस्टाइल एग्जीबिशन का आयोजन निधि ढींगरा की तरफ से किया गया। इस लाइफस्टाइल एग्जीबिशन में फैशन के लेटेस्ट ट्रेंड्स शॉकेज किए गए। जिसमें ब्राइडल वेयर, वेस्टर्न वेयर, फैशन एक्सेसरीज, ज्वैलरी, फर्नीचर, होम डेकोर आदि देखने को मिले। स्पेशल समर फैशन के लेटेस्ट डिज़ाइनिंग देखने को मिली। इस एग्जीबिशन को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिला।

*-फोटोः विशाल ढल्ल*

# सिद्धिविनायक नाम का अर्थ 'सफलता की शुभकामना' होता



लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। भगवान गणपति भक्तों के सभी संकट को दूर करते हैं। उनकी सारी मनोकामना पूर्ण होती है. भगवान श्री गणेश जी को ज्ञान, बुद्धि, समृद्धि और सौभाग्य का देवता माना जाता है. संकट दूर करने की वजह इन्हें विघ्नहर्ता के रूप में पूजा जाता उक्त शब्द चूहड़पुर् रोड, हैबोवाल कला स्थित सिद्धि विनायक मंदिर के प्रधान रविनंदन शर्मा ने संध्या आरती दौरान कहे इस अवसर पर मंदिर के ट्रस्टी व सेवादार शक्ति लखनपाल, मुनीश कक्क्ड़, जयंत मल्होत्रा, चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि ऐसे कई प्रमाण मिलते हैं जहां, प्रभु सिद्धि विनायक को भारत के अलावा अन्य देशों में भी पूजा जाता है। थाईलैंड, जापान, नेपाल, जर्मनी और यू.के. और जहां जहां भारतीय रहते हैं वहां भगवान श्री गणेश पूज्य है, कोई भी कार्य उनकी प्रथम वंदना के बाद ही शुरू होता है। प्रधान रविनंदन शर्मा ने कहा कि भगवान सिद्धि विनायक की भक्ति शरीर में पवित्रता और मन में निर्भयता का संचार करते है।

श्री गणेश का रूप विशाल है, इतने विशाल रूप होने के बाद भी, उनका वाहन एक छोटा मूषक (चूहा) और जोकि अज्ञान के अंधकार को दूर करने का प्रतीक है। मंदिर के आचार्य पंडित जगदीश प्रसाद ने कहा कि मंदिर में बुधवार व मासिक गणेश चतुर्थी को संकीर्तन का आयोजन किया जाता है व मासिक गणेश चतुर्थी को मंदिर में भव्य आयोजन किया जाता है व मंदिर कमेटी कि तरफ से भक्तों के लिए भंडारे का प्रबंध किया जाता है। प्रधान रविनंदन शर्मा ने कहा कि सिद्धि विनायक मंदिर भक्तों की श्रद्धा का अपार केंद्र बन चुका है व दूर दूर से भक्त दरबार में नतमस्तक होने पहुंच रहे है।

# तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव 'एक्टोपिया 2022' की हुई शुरुआत



लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। डीएमसीएच मैनेजिंग सोसाइटी के सचिव प्रेम कुमार गुप्ता द्वारा एक प्रभावशाली उद्घाटन समारोह के साथ तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव 'एक्टोपिया 2022' आज शुरू हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ संदीप पुरी, डीन शिक्षाविद डॉ संदीप कौशल, चिकित्सा अधीक्षक भी उपस्थित थे। डॉ अश्विनी चौधरी और डीएमसीएच सांस्कृतिक समिति के अन्य संकाय सदस्य। सचिव प्रेम कुमार गुप्ता ने अपने संदेश में कहा कि डीएमसीएच की मैनेजिंग सोसाइटी छात्रों को एक ऑलराउंडर बनने के लिए प्रोत्साहित करती है- शिक्षाविदों के साथ-साथ 'एंड्रोमेडा' जैसे आयोजनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए जो उनके समग्र व्यक्तित्व का विकास करते हैं। प्राचार्य डॉ संदीप पुरी (जो डीएमसीएच सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष भी हैं) ने कहा कि 'एक्टोपिया' उत्सव व्यक्तिगत रूप से उनके दिल के बहुत करीब है और हर गुजरते साल के साथ इसे नए रूप में और अलग-अलग थीम पर और अधिक रोमांचक और रोमांचकारी के साथ प्रस्तुत किया जाता है। प्रदर्शन डॉ. दिनेश जैन (सचिव, डीएमसीएच सांस्कृतिक समिति) और डॉ शिब्बा टक्कर (डीएमसीएच सांस्कृतिक समिति के सदस्य) ने सभी प्रतिभागियों और दर्शकों को इस तीन दिवसीय भव्य उत्सव का पूरे उत्साह और उत्साह के साथ आनंद लेने के लिए हार्दिक बधाई दी।

# छात्र ने कृषि-बीओटी - किसानों के लिए एक कृषि रोबोट विकसित किया

लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। व्हिजरोबो - एक आईएसओ 9002 एड-टेक कंपनी 2016 में एसटीईएम और रोबोटिक्स शिक्षा की शुरुआत करके भविष्य के लिए तैयार बच्चों को तैयार करने के दृष्टिकोण के साथ शुरू हुई थी। व्हिजरोबो लर्निंग प्लेटफॉर्म K-12 छात्रों को शिक्षा में STEM, रोबोटिक्स, कोडिंग, IOT और AI के माध्यम से फ्यूचर रेडी स्किल्स से लैस करने में सक्षम बनाता है। हम विज्ञान, गणित और डिजाइन सोच की अवधारणाओं के आधार पर अनुभवात्मक शिक्षा के साथ प्रौद्योगिकी प्रदान करते हैं। हमें यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि 2016 के बाद से यह इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में लगातार 7वां रिकॉर्ड है जहां युवा दिमाग को अपनी छिपी प्रतिभा दिखाने के लिए बदल दिया जाता है। हमारी दृष्टि नवप्रवर्तकों के एक समुदाय का निर्माण




करना है जहां बच्चे अपने विचारों को वास्तविकता में सोच सकते हैं, बना सकते हैं और विकसित कर सकते हैं। इस बार हमारे एक छात्र विराज गुप्ता, छात्र ने कृषि-बीओटी - किसानों के लिए एक कृषि रोबोट विकसित किया है। यह रोबोट कृषि में उपयोग किया जाता है, जनशक्ति को कम कर सकता है और रिमोट कंट्रोल का उपयोग करके दूर के स्थान से संचालित किया जा सकता है।

# एससीडी सरकारी कॉलेज में 'नशा मुक्त अभियान-आंदोलन कौशल का' पर सेमिनार का आयोजन

लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। सतीश चन्द्र धवन राजकीय महाविद्यालय लुधियाना में आज 'नशा मुक्त समाज अभियान- आंदोलन कौशल का' कार्यक्रम के तहत सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा वक्ता श्री कौशल किशोर जी (माननीय केन्द्रीय राज्य मंत्री, आवास और शहरी मामले, भारत सरकार) तथा अक्षत कान्त (राष्ट्रीय कार्यक्रम संयोजक) विशेष रूप में पधारे। प्राचार्य प्रो (डॉ) प्रदीप सिंह वालिया और कॉलेज काउंसिल के सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई और कॉलेज शब्द 'देह ही शिव वर... गा कर कार्यक्रम की परंपरा निभाई गयी।



प्राचार्य डॉ वालिया ने माननीय मंत्री का स्वागत किया और कहा कि आज हम सभी नशा-मुक्त समाज की संकल्पना के साथ यहां एकत्रित हुए हैं और हम सब के लिए यह हर्ष का विषय है कि हमें उत्साहित और प्रेरित करने हेतु माननीय मंत्री श्री कौशल किशोर जी स्वयं पधारे हैं। नशा-मुक्त भारत बनाने की इस मुहीम का सिर्फ समर्थन ही नहीं करना चाहिए बल्कि हम सभी को इसका हिस्सा होना चाहिए। मुख्य अतिथि कौशल किशोर जी ने अपने संबोधन में कहा कि यूं तो यह बहुत ही नेक सामाजिक कारण है कि हमारा समाज नशा मुक्त हो, जिसके लिए सभी को समर्थन देना चाहिए परंतु उन्होंने सन 2020 में अपने ही बेटे आकाश किशोर को ड्रग्स का शिकार होते पाया और अंततः उन्होंने उसे हमेशा के लिए खो दिया। सबसे अच्छी चिकित्सा सहायता के बावजूद अपने बेटे को बचाने में सक्षम नहीं होने पर उन्हें जो मजबूरी महसूस हुई, उसी की प्रतिक्रिया में उन्होंने यह संकल्प लिया कि अब यह सम्पूर्ण समाज और देश नशा-मुक्त हो। इसी उद्देश्य के साथ उन्होंने 'नशा-मुक्त समाज अभियान' की शुरुआत की और देश के अलग-अलग शहरों में जा कर युवाओं से संवाद कर रहे हैं।

# एस्ट्रोलॉजी और न्यूमरोलॉजी पर हुई चर्चा, इवेंट में हुए कई तरह के फन एक्टिविटीज



लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। लुधियाना के पविलियन मॉल एफ बार में एस्ट्रोलॉजी और न्यूमरोलॉजी पर एक इवेंट का आयोजन किया गया। जिसमे एस्ट्रोलॉजी और न्यूमरोलॉजी टॉक के बाद कई मजेदार एक्टीविटीज भी करवाई गई, जिसमें सभी लेडीज ने खूब एंजॉय किया। खास तौर पर पंक्चुएलिटी गिफ्ट भी दिया गया। डीजे पर लेडीज ने खूब डांस किया। इसमें हर उम्र की लेडीज शामिल हुई। एक नए तरीके से तंबोला भी खेला गया। कई तरह के लकी ड्रॉ निकाले गए। सोलो डांस परफॉर्मेंस भी हुई। कई तरह के सरप्राइज गिफ्ट्स भी दिए गए। *-फोटो: विशाल ढल्ल*

# पुलिस ने ट्रकों से सामान चोरी करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना को किया गिरफ्तार

लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। लुधियाना में पुलिस ने ट्रकों से सामान चोरी करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के दो साथी 10 अप्रैल को गिरफ्तार किए थे। पकड़े गए सरगना पर चोरी के 17 मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

थाना दरेसी पुलिस को बंदा बहादुर नगर नजदीक वर्कशाप चौक जालंधर निवासी जसमीत सिंह ने शिकायत दी थी। उसके मुताबिक 2 मार्च देर रात वह सेखेवाल लुधियाना नजदीक ढाबे पर ट्रक खड़ा कर खाना



खाने लगा। खाना खाने के बाद उसे नींद आ गई। 2.40 बजे 4 अज्ञात लोग उसके ट्रक से सामान चोरी करके ले गए। उसने पुलिस को बताया कि पहले तो वह अपने स्तर पर आरोपियों की तालाश करता रहा, लेकिन जब कुछ पता न चला तो उसने पुलिस को शिकायत दीपुलिस ने मामले में दो आरोपियों को 10 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। मास्टरमाइड को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। चीमा चौक के नजदीक पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान तरुण कुमार उर्फ लक्की निवासी मोहल्ला विशाल कॉलोनी काकोवाल रोड के रूप में हुई है। CIA-1 इंचार्ज राजेश शर्मा ने बताया कि आरोपी तरुण से 1 महिंद्रा गाड़ी, 60 CCTV और 1 मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस मुताबिक आरोपी पर 17 मामले दर्ज है।

# अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस का आयोजन संपन्न



लुधियाना / यूटर्न / 12 मई। नर्स: नेतृत्व करने के लिए एक आवाज - वैश्विक स्वास्थ्य को सुरक्षित करने के लिए नर्सिंग और सम्मान अधिकारों में निवेश करें। नर्स सप्ताह के सभी समारोह 12 मई को संपन्न हुए। कार्यक्रम की शुरुआत दिन के मुख्य अतिथि के स्वागत भाषण से हुई। प्रेम कुमार गुप्ता, माननीय सचिव, डीएमसीएच मैनेजिंग सोसाइटी। इस अवसर पर डॉ. अश्विनी के चौधरी चिकित्सा अधीक्षक, डॉ त्रिजा जीवन प्राचार्य डीएमसीएच नर्सिंग कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज के अन्य संकाय सदस्य उपस्थित थे। अनुरीत ने फ्लोरेंस नाइटिंगेल के इतिहास का खुलासा किया और श्री कपिल शर्मा ने नर्स दिवस की थीम का खुलासा किया। प्रेम कुमार गुप्ता ने कहा कि इस वैश्विक महामारी ने दुनिया को दिखाया है कि नर्सें लोगों को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्रिंसिपल, डॉ ट्रिज़ा जीवन ने जोर देकर कहा कि यह दुनिया भर में स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने के लिए नर्सिंग पेशे की रक्षा, समर्थन और निवेश करने का समय है। फाइनल ईयर के छात्रों ने वाइस प्रिंसिपल प्रो. निधि सागर और प्रिंसिपल डॉ. ट्रिजा जीवन, नर्सिंग अधीक्षक श्रीमती सुनीता देब ने छात्राओं को दीप प्रज्जवलित किया। महामारी में फ्रंटलाइन वर्कर्स के बलिदान पर सांस्कृतिक गतिविधियों और कोरियोग्राफी का प्रदर्शन बी.एससी द्वारा किया गया। नर्सिंग छात्र। सुमीत जसलैंड रिंकी मसीह द्वारा परिणाम घोषित किए गए और मेधावी और विजेताओं को डॉ अश्विनी चौधरी, चिकित्सा अधीक्षक और गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम केक काटने के साथ आगे बढ़ा और अनुरीत द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

## अनसुना

# दुनिया का सबसे डरावना और वीरान आइलैंड

कोढ़ रोग को हमारे समाज में हमेशा से ही हीन भावना से देखा जाता है। इस बीमारी को भगवान का शाप या दंड माना जाता रहा है। समाज में लोग कोल्ड रोगियों से हमेशा दूरी बना कर रहे हैं। सदियों से इस बीमारी से पीड़ित लोगों को समाज से अलग रखा गया है। भारत ही नहीं दुनिया के विदेशों में कुष्ठ रोगियों के लिए कई आश्रम चलते हैं। लेकिन यूरोप के ग्रीस और यूनान जैसे देशों ने अपने यहां के कुष्ठ रोगियों को आम लोगों से दूर रखने के लिए एक आईलैंड ही अलग कर दिया था। इस आइलैंड का नाम स्पिनालॉन्गा आइलैंड है। ये यूनान के सबसे बड़े क्रीट द्वीप के पास स्थित है। ये भूमध्य सागर में मिराबेलो की खाड़ी के मुहाने पर मौजूद है। लेकिन आज इस आईलैंड पर कोई नहीं रहता और यह वीरान पड़ा है। यहां पर बेहद कम लोग ही जाते हैं। इस जगह की सबसे पहले वेनिस



के राजा ने यहां पर सैनिक अड्डा बनाया था। इसके बाद तुर्की के ऑटोमान साम्राज्य ने इस पर कब्जा कर लिया। हालांकि, साल 1904 में क्रीट के लोगों ने तुर्कों को यहां से खदेड़ दिया। इसके बाद यह आइलैंड को कोढ़ के मरीजों का अड्डा बना दिया गया। साल 1975 में दुनिया को इस कोढ़ आश्रम के बारे में पता चला। इसके बाद यूनानी सरकार की बहुत आलोचना हुई। जिसके बाद यहां के सभी लोगों को इलाज के लिए ले जाया गया और इस कुष्ठ रोगी आश्रम को बंद कर दिया गया। इसके बाद से स्पिनालॉनगा आइलैंड वीरान पड़ा है। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि इस आईलैंड पर कोढ़ के मरीजों के इलाज का भी कोई इंतजाम नहीं था। इस द्वीप पर एक ही डॉक्टर आता था, वो भी तब जब किसी मरीज को कोई और बीमारी हो जाती थी। इंद्र को बनाने से पहले ही कुष्ठ रोग का इलाज खोज लिया गया था लेकिन यहां रहने वाले मरीजों का इलाज नहीं होता था।

## आज का विचार



**जब**
यह तय हो जाए
कि आप अपने
लक्ष्य तक नहीं
पहुंच पाएंगे, तो
भूलकर भी लक्ष्य मत बदलिए,
बल्कि उस तक पहुंचने का तरीका
बदल डालिए।
-कंफ्यूशियस

## कार्टून-कोना, राज-नीति







# रोजगार के अवसरों को बढ़ाने पर सरकार को देना होगा ध्यान

कोविड-19 के बाद पटरी से उतरी देश की आर्थिक व्यवस्था में निरंतर सुधार देखने को मिल रहा है पर जीडीपी की तुलना में अभी भी रोजगार के अवसर कम ही बढ़ रहे हैं। आज की अर्थव्यवस्था में सर्विस सेक्टर की प्रमुख भूमिका हो गई है और अब यह मानने में कोई संकोच नहीं किया जा सकता कि सर्विस सेक्टर लगभग पटरी पर आ गया है। देश में सर्वाधिक रोजगार के अवसर भी कृषि, एमएसएमई सेक्टर के बाद सर्विस सेक्टर में ही उपलब्ध होते हैं और इसमें कोई दो राय नहीं कि कोरोना में सबसे अधिक प्रभावित सर्विस सेक्टर ही हुआ है। सब कुछ बंद हो जाने से रोजगार के अवसर प्रभावित हुए और हुआ यह कि या तो रोजगार ही चला गया या फिर वेतन आदि में कटौती हो गई। इससे लोगों में निराशा आई पर ज्यों ज्यों हालात सामान्य होने लगे हैं यह माना जाने लगा है कि अर्थव्यवस्था में तेजी के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। कोविड के कारण बड़ी संख्या में असंगठित श्रमिकों का गांवों की ओर पलायन हुआ है और कोरोना की नित नई लहरों की आशंकाओं के चलते अब उतनी संख्या में श्रमिक शहरों की ओर नहीं गए हैं जितनी संख्या में शहरों से गांवों की ओर पलायन रहा है। ऐसे में अब नई चुनौती गांवों में रोजगार के अवसर विकसित करने की हो जाती है। हालांकि मनरेगा के माध्यम से लोगों को निश्चित अवधि का रोजगार उपलब्ध कराने के प्रयास जारी हैं पर इसे यदि उत्पादकता से जोड़ दिया जाए तो परिणाम अधिक सकारात्मक हो सकते हैं।

दरअसल कोरोना का डर अभी भी लोगों में बना हुआ है। यह दूसरी बात है कि कोरोना के प्रोटोकॉल को पूरी तरह से नकार दिया गया है और अब तो भूले भटके ही लोग मास्क लगाए हुए दिखाई देते हैं। हालांकि जिस तरह के हालात चीन में इन दिनों चल रहे हैं और करोड़ों चीनी नागरिक लॉकडाउन भुगत रहे हैं उसे देखते हुए डरना भी जरूरी हो जाता है। पर सवाल यही है कि दो जून की रोटी का बंदोबस्त करना भी जरूरी है। रोजगार की सच्ची तस्वीर तो यह है कि बड़े उद्योगों में बहुत कम लोगों को रोजगार के बावजूद बेहतर वेतन और सुविधाएं मिलती हैं तो दूसरी और एमएसएमई सेक्टर या सर्विस सेक्टर में रोजगार के अवसर कम होने के साथ ही वेतन भत्ते भी प्रभावित हुए हैं। सर्विस सेक्टर में भी हालात ऐसे ही हैं। ऐसे में इस तरह के उपाय खोजने होंगे कि अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ें और लोगों को बेहतर रोजगार भी मिले, मगर इसके साथ ही कार्मिक के मनोविज्ञान को भी समझना होगा।





रोजगार की सच्ची तस्वीर तो यह है कि बड़े उद्योगों में बहुत कम लोगों को रोजगार के बावजूद बेहतर वेतन और सुविधाएं मिलती हैं तो दूसरी और एमएसएमई सेक्टर या सर्विस सेक्टर में रोजगार के अवसर कम होने के साथ ही वेतन भत्ते भी प्रभावित हुए हैं। सर्विस सेक्टर में भी हालात ऐसे ही हैं। ऐसे में इस तरह के उपाय खोजने होंगे कि अर्थव्यवस्था में सुधार के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी बढ़ें और लोगों को बेहतर रोजगार भी मिले, मगर इसके साथ ही कार्मिक के मनोविज्ञान को भी समझना होगा।

कोरोना के बाद एक नई सोच विकसित हुई है जो चिंतनीय होने के साथ ही आने वाले समय के लिए गंभीर चुनौती भी है। हो यह रहा है कि कोरोना के बाद सेवा प्रदाताओं ने अपने सालों से सेवा दे रहे कार्मिकों के लिए इस तरह के हालात पैदा किए हैं और किए जा रहे हैं ताकि वे वहां नौकरी नहीं कर सकें। इसके पीछे बढ़ती बेरोजगारों की फौज का होना है। दरअसल पुराने कर्मचारी को अधिक पैसा देना पड़ता है जबकि नए कर्मचारी को या तो सर्विस प्रोवाइडर के माध्यम से रखा जा सकेगा या फिर कम वेतन में काम करने को तैयार होने से कम पैसा देना पड़ेगा। पर वह दिन दूर नहीं जब इसके साइड इफेक्ट सामने आने लगेंगे। पहला तो यह कि कर्मचारी का जो कमिटमेंट होता है वह नहीं मिल पाएगा। नया या तो सर्विस प्रोवाइडर के प्रति निष्ठावान होगा या फिर उसे अंदर से यह भय सताता रहेगा कि जैसा पहले वालों के साथ हुआ है वैसा उसके साथ भी हो सकता है ऐसे में लॉयल्टी की संभावनाएं लगभग नगण्य ही देखने को मिलेंगी। यह अपने आप में ऐसा संकेत है जो आगे चलकर व्यवस्था को चरमराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इसलिए अभी से भावी संकेतों को समझना होगा।

दूसरा यह कि कोरोना ने सबसे अधिक व लंबे समय तक प्रभावित किया है शिक्षा क्षेत्र को या फिर हॉस्पिटेलिटी सेक्टर को। विदेशी पर्यटकों की संख्या तो अभी भी नाम मात्र की ही रह गई है। देशी पर्यटक अवश्य कुछ बढ़ने लगे हैं और उसका कारण भी कोरोना का सबक ही है। स्कूल कॉलेज संकट के दौर से आज भी गुजर रहे हैं। इनमें काम करने वाले शिक्षकों व अन्य स्टाफ को वेतन आदि की समस्या बरकरार है। सर्विस सेक्टर सहित अभी सभी क्षेत्रों में यह सोच विकसित हो गई है कि कम से कम मेनपॉवर का उपयोग करते हुए उससे अधिक से अधिक काम लिया जाए। पर यह हालात अधिक दिन तक नहीं चलने वाले हैं। ऐसे मे अर्थशास्त्रियों व श्रम विशेषज्ञों को समय रहते इसका कोई हल खोजना होगा। नहीं तो वह दिन दूर नहीं जब सारी व्यवस्था एक साथ धराशायी हो सकती है। इसके लिए अब मोटे पैकेजों के स्थान पर निष्ठावान कार्मिक ढूंढ़ने होंगे तो कार्मिकों का विश्वास जीतने के प्रयास भी करने होंगे। एक समय था जब कार्मिक अपने प्रतिष्ठान के प्रति पूरी तरह से वफादार होता था पर अब जो हालात बन रहे हैं उससे संस्थान कुछ पैसा व मानव संसाधन तो बचाने में सफल हो जाएंगे पर संस्थान के प्रति जी-जान लगाने वाले कार्मिक नहीं मिल सकेंगे। ऐसे में नई सोच के साइड इफेक्ट को अभी से समझना होगा नहीं तो परिणाम अति गंभीर होने में देर नहीं लगेगी। कार्मिकों के मनोविज्ञान को समझते हुए निर्णय करना होगा। कार्मिकों में अपने रोजगार के प्रति सुरक्षा की भावना रहेगी तो वह निश्चित रूप से अच्छे परिणाम देगा, अधिक निष्ठा से सेवाएं देगा और इसका लाभ प्रतिष्ठान को मिलेगा। इसलिए संस्थान और कार्मिक के बीच परस्पर समन्वय, विश्वास और समझ का माहौल बनाना होगा। नियोक्ता को कार्मिक का मनोविज्ञान समझना होगा।

# मोहिनी एकादशी व्रत करने से मिलती है सभी पापों से मुक्ति

**वैशाख** महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को मोहिनी एकादशी मनाया जाता है। मोहिनी एकादशी व्रत से न केवल पापों से मुक्ति मिलती है बल्कि पुण्य भी प्राप्त होता है तो आइए हम आपको मोहिनी एकादशी व्रत के महत्व तथा पूजा विधि के बारे में बताते हैं।

### हिन्दू धर्म में एकादशी

हिन्दू धर्म में भक्तों को एकादशी तिथि विशेष प्रिय होती है। ऐसी मान्यता है कि एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। एकादशी तिथि हर महीने में 2 बार आती है। एक एकादशी कृष्ण पक्ष में तो दूसरी शुक्ल पक्ष में मनायी जाती है। एकादशी तिथि को बहुत ही शुभ माना जाता है।

### मोहिनी एकादशी से जुड़ी पौराणिक कथा

मोहिनी एकादशी से सम्बन्धित एक पौराणिक कथा प्रचलित है। इस धार्मिक कथा के अनुसार समुद्र मंथन के बाद अमृत पीने के लिए जब देवताओं तथा दानवों के बीच युद्ध हुआ तो तब श्री विष्णु ने सुंदर स्त्री का रूप धारण कर लिया। मनमोहक नारी का रूप धारण कर वह देवता और दानवों के बीच में पहुंच गए। भगवान विष्णु के इस रूप पर दानव मोहित हो गए तथा उन्होंने अमृत कलश विष्णु जी को दे



दिया। उसके बाद मोहिनी रूप धारण किए हुए श्री विष्णु ने अमृत से भरा कलश देवताओं को दे दिया तथा देवों ने उस अमृत का सेवन कर लिया। इससे देवता सदा के लिए अमर हो गए। ऐसी मान्यता है कि भगवान विष्णु एकादशी के दिन ही मोहिनी रूप धारण किए थे। इसलिए इस एकादशी को मोहिनी एकादशी कहा जाता है। मोहिनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु के मोहिनी की आराधना की जाती है।

### मोहिनी एकादशी का महत्व

हिन्दू धर्म में मोहिनी एकादशी का विशेष महत्व होता है। इस एकादशी का व्रत करने से न केवल पुण्य फल की प्राप्ति होती है बल्कि पापों का नाश होता है। साथ ही यह एकादशी दुखों को दूर कर जीवन में शांति लाती है। विशेष महत्ता के कारण युधिष्ठिर ने भी मोहिनी एकादशी का व्रत किया था।

### श्रीराम ने भी किया था मोहिनी एकादशी का व्रत

मोहिनी एकादशी विशेष फलदायी होती है। ऐसी मान्यता है कि त्रेता युग में भगवान राम ने भी अपने गुरु वशिष्ठ मुनि से इस एकादशी के बारे जानकारी प्राप्त की थी। मोहिनी एकादशी का महत्व के कारण भगवान राम ने भी मोहिनी एकादशी का व्रत किया था। इसके अलावा द्वापर युग में श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को यह व्रत करने की सलाह दी थी।

मोहिनी एकादशी का शुभ मुहूर्त
मोहिनी एकादशी प्रारम्भ हो रही है- 11 मई 2022 को शाम में 7 बजकर 31 मिनट से
मोहिनी एकादशी खत्म हो रही है- 12 मई 2022 को शाम में 6 बजकर 51 मिनट

### मोहिनी एकादशी व्रत में करें इन नियमों का पालन

मोहिनी एकादशी व्रत का प्रारम्भ दशमी तिथि से ही हो जाता है। दशमी तिथि को मसूर की दाल, बैंगन, कोदों की सब्जी, पान तथा शहद का सेवन नहीं करना चाहिए। साथ ही एकादशी की रात में सदैव रात्रि जागरण कर कीर्तन करना चाहिए। द्वादशी के दिन ब्राह्मण को भोजन करा कर यथाशक्ति दान देने के बाद ही पारण करें।

## वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप: भारत की निखत, परवीन और मनीषा अगले दौर में

इस्तांबुल। इस्तांबुल में चल रही वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारतीय महिलाओं का जलवा बरकरार है। निखत जरीन (52 किग्रा), परवीन (63 किग्रा) और मनीषा (57 किग्रा) ने बुधवार को अपने मुकाबले जीतकर अगले राउंड में पहुंच गई हैं। जरीन ने शुरूआती मुकाबले में मेक्सिको की हेरेरा अल्वारेज को 5-0 से, जबकि परवीन ने युक्रेन की मारिया बोवा को एकतरफा मुकाबले में इसी अंतर से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं 57 किलो वेट में मनीषा ने नेपाल की काला थापा को हराकर तीसरे राउंड में पहुंची। इससे पहले मनीषा को पहले राउंड में बाई मिली थी। इस साल के शुरुआत में स्ट्रैंड्जा मेमोरियल में गोल्ड मेडल जीतने वाली निखत




जरीन ने अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा और पहले राउंड में आसानी से अल्वारेज़ को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। तेलंगाना की 25 साल की जरीन का सामना 2021 एशियाई चैम्पियनशिप की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट मंगोलिया की लुटसाइखानी अल्तांतसेतसेग से होगा। हरियाणा की 22 साल की परवीन ने अपने से 12 साल सीनियर अनुभवी मुक्केबाज मारिया को लाइट वेट के मुकाबले में सर्वसम्मत फैसले में हराया। परवीन 2017 की युवा राष्ट्रीय चैंपियन हैं। वर्ल्ड चैंपियनशिप के पहले राउंड में उनकी शुरुआत आक्रामक रही, पर वे मारिया से पिछड़ गई। दूसरे राउंड में वापसी करते हुए वे युक्रेन की 34 साल की बॉक्सर पर भारी पड़ती नजर आई और मुकाबले को अपने पक्ष में मोड़ दिया। परवीन प्री क्वार्टर फाइनल में रविवार को अमेरिका की पूर्व युवा ओलंपिक चैंपियन जजाइरा गोंजालेज से भिड़ेंगी।

## क्रिकेटर में सबसे अमीर विराट

### एक साल में कोहली ने 262 करोड़ रुपए कमाए

नई दिल्ली / यूटर्न: क्रिकेट में अपने खराब दौर से गुजर रहे विराट कोहली की कमाई में कोई कमी नहीं आई है। स्पोर्ट्स बिजनेस वेबसाइट स्पोर्टिको द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट के अनुसार विराट कोहली दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ियों की सूची में 61वें नंबर पर हैं। इस सूची में विराट कोहली इकलौते क्रिकेटर और इकलौते भारतीय खिलाड़ी हैं। रिपोर्ट के मुताबिक विराट ने इस साल विज्ञापनों, सैलरी और इनामी राशि से कुल 262 करोड़ रुपए ($33.9 मिलियन) की कमाई की है। इसमें 22 करोड़ रुपए विराट ने सैलरी और इनामी राशि से और बाकी 240 करोड़ रुपए विज्ञापनों से कमाए हैं। भले ही क्रिकेट में विराट का दौर कैसा भी




चल रहा हो पर उनके पास विज्ञापनों की कमी नहीं है। विराट इन दिनों उबर इंडिया, MRF टायर्स, विक्स, प्युमा, हीरो मोटोकॉर्प, MPL, ब्लू स्टार और अन्य बड़े ब्रांड्स के साथ जुड़े हुए हैं। विराट की ये डिमांड तब है जब वे इंटरनेशनल क्रिकेट में लगभग दो साल से कोई शतक नहीं लगा सके हैं, और IPL टीम और इंडियन टीम की कप्तानी छोड़ चुके हैं। खेल की बात की जाए तो विराट ने 2021 से अब तक कुल 14 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उनके बल्ले से 30 की साधारण औसत से 725 रन निकले हैं। इस दौरान उन्होंने 5 अर्धशतक लगाए हैं और एक भी शतक नहीं लगाया है।

## नरगिस ने करवाया बोल्ड फोटोशूट



फिल्म 'रॉकस्टार' से बॉलीवुड में धमाकेदार डेब्यू करने वाली अभिनेत्री नरगिस फाखरी एक्टिंग से ज्यादा अपनी हॉटनेस की वजह से सुर्खियों छाई रहती हैं। अभिनेत्री की लगभग हर तस्वीर आये दिन लोगों पर कहर बरसाती रहती हैं। इन दिनों भी अभिनेत्री सोशल मीडिया पर अपनी हॉटनेस के जलवे बिखेर रही हैं। नरगिस का एक वीडियो इंटरनेट पर काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह बिकिनी फोटशूट करवाती नजर आ रही हैं। फैंस को उनका यह फोटोशूट काफी पसंद आ रहा है। सोशल मीडिया पर कहर बरसा रहे इस वीडियो को अभिनेत्री नरगिस फाखरी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है। इसे शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, आइए वापस चले। वीडियो में नरगिस ब्लैक मोनोकोनी बिकिनी पहनकर फोटोशूट करवाती दिखाई दे रही हैं। बिकिनी के साथ उन्होंने ब्लैक श्रग भी केरी किया हुआ है। 42 वर्षीय अभिनेत्री बिकिनी में अपना हॉट और सेक्सी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई मुस्कुराती नजर आ रही हैं। नरगिस का बेझिझक अपना बोल्ड अवतार फ्लॉन्ट करना लोगों को काफी पसंद आ रहा है।

## वेकेशन की लेटेस्ट फोटो पर ट्रोल हुई कटरीना

कटरीना कैफ और विक्की कौशल फिलहाल न्यूयॉर्क में छुट्टियां मनाने गए हैं। वेकेशन की फोटोज कपल ने सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। जिन पर उनके फैंस बहुत प्यार बरसा रहे हैं। वहीं कुछ लोगों ने कटरीना को ट्रोल भी किया है। यूजर्स ने ट्रोल करते हुए फोटो पर रिएक्ट किया कि एक्ट्रेस ने अपना चेहरा खराब कर लिया है। कटरीना कैफ ने हाल ही में अपनी वेकेशन से फोटोज शेयर की हैं। जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, द होम ऑफ एव्रीथिंग, माई फेवरेट प्लेस एवर बबी। कटरीना फोटोज में बब्बी नाम के रेस्टोरेंट में नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने ग्रीन कलर का अटायर पहन रखा है। फोटोज में उनके हसबैंड विक्की कौशल भी दिखाई दे रहे हैं। इस पोस्ट पर कई सेलेब्स ने रिएक्ट किया है। आलिया ने लिखा, तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई? वहीं अर्जुन कपूर ने कमेंट किया, बबी विद हर हबी।



## उर्वशी के फेस मास्क की कीमत कर देगी हैरान

उर्वशी रौतेला हमेशा अपने ब्यूटी रूटीन और फैशन सेंस से दर्शकों को चौंकाती हैं, उन्होंने अपनी दिनचर्या की बदौलत फिर से ध्यान आकर्षित किया है। कभी वह फिटनेस को लेकर सीक्रेट शेयर करती हैं तो कभी अपने ब्यूटी सीक्रेट वह फैन्स के साथ शेयर करती हैं। अब उन्होंने अपने गोल्ड मास्क से सबके होश उड़ाकर रख दिए हैं। इस फेस मास्क की कीमत में चार आईफोन या एक मारुति आल्टो कार आ सकती है। बिल्कुल, सही सुना आपने यह मास्क कोई सस्ता नहीं है। उर्वशी रौतेला, किसी भी अन्य लड़की की तरह, जब त्वचा को मॉइस्चराइजिंग और कायाकल्प करने के लिए कुछ सुधारों की जरूरत होती है तो वह ऐसे मास्क का उपयोग करना पसंद करती है जिसके लिए सैलून की जाने की जरूरत न पड़े। उर्वशी ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर अपने गोल्ड क्रिस्टल जैपनीज़ मास्क पहने एक इंस्टा स्टोरी साझा की, जिसकी कीमत 5100 डॉलर यानी 4 लाख रुपये है। हां, आपने उसे सही पढ़ा है। प्योर 24 कैरेट गोल्ड मास्क त्वचा की कोशिकाओं में नई जान फूंकने के उद्देश्य को पूरा करने का काम करता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो उर्वशी रौतेला को मिस यूनिवर्स पेजेंट 2021 को जज करते हुए देखा गया था, और उन्हें अरब सुपरस्टार मोहम्मद रमजान के साथ उनके अंतर्राष्ट्रीय गीत 'वर्साचे बेबी' के लिए भी सराहना मिली।



## शहनाज गिल ने आलोचकों को दिया जवाब



बिग बॉस सीजन 13 के बाद शहनाज गिल इंडस्ट्री की एक ऐसी एक्ट्रेस बन चुकी हैं जिन्हें करोड़ों फैंस बेइंतहा प्यार करते हैं। बहुत ही कम वक्त में शहनाज लोगों की चहेती बन गई हैं। बिग बॉस सीजन 13 में जाने से पहले शहनाज गिल जिस अटेंशन और प्यार की उम्मीद कर रही थीं आज फैंस उन्हें उससे कहीं ज्यादा प्यार करते हैं। हाल ही में शहनाज ने इंटरव्यू के दौरान कुछ ऐसी बातें कहीं जिन्होंने हर किसी के दिल को छू लिया। उन्होंने कहा कि किसी का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए क्योंकि ये कोई नहीं जनता कि कब किसकी कमजोरी उसकी स्ट्रेंथ बन जाए। शहनाज गिल इंडस्ट्री में अब एक ऐसी एक्ट्रेस बन चुकी हैं जिन्हें कई सेलिब्रिटीज और फैंस बेशुमार प्यार करते हैं। इन दिनों शहनाज अपने करियर के पीक पर हैं और अपनी पॉपुलेरिटी एंजॉय कर रही हैं। हाल ही में शहनाज ने ई टाइम्स से बातचीत में बताया, 'मैं इस पल का आनंद ले रही हूं। ठीक है। यही चीज थी, जिसके लिए मैं पहले तरस रही थी कि मैं कुछ बनूं, मैं कुछ ऐसा करूं लोग मुझे देखें, पसंद करें'। उन्होंने आगे कहा, 'सोचो जो लोग बोलते थे कि मुझे बोलना नहीं आता, मुझे बात नहीं करनी आती, इसका एक्सेंट कैसा है। लोग हंसते थे। तो आज मेरी वही ताकत बन गई। मुझे लगता है किसी का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए। आज मेरे वन-लाइनर्स पर लोग वीडियो बनाते हैं।


खुद बोलती तस्वीर



आर्टिस्ट शुभ लता पाटिल...

## ताजमहल केस में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने खारिज की याचिका, लगाई फटकार

लखनऊ / यूटर्नः इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने आगरा के ताजमहल में बंद पड़े 22 कमरों को खुलवाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। इसके साथ ही कोर्ट ने याचिकाकर्ता को इस मामले में कड़ी फटकार भी लगाई है। न्यायमूर्ति डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने याचिका पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अदालत भारत के संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत ऐसा आदेश पारित नहीं कर सकती है। खंडपीठ ने याचिकाकर्ता के वकील रुद्र विक्रम सिंह को भी बिना कानूनी प्रावधानों के भी याचिका दायर करने के लिए एक आकस्मिक तरीके से याचिका दायर करने के लिए खींच लिया। बेंच ने उससे यह भी कहा कि याचिकाकर्ता यह नहीं बता सकता कि उसके किस कानूनी या संवैधानिक अधिकार का उल्लंघन किया गया है। दलीलों के बाद जब पीठ याचिका खारिज करने



जा रही थी तो याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट से याचिका वापस लेने और बेहतर कानूनी शोध के साथ एक और नई याचिका दायर करने की अनुमति देने का अनुरोध किया, लेकिन पीठ ने उनके अनुरोध को स्वीकार नहीं किया और याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने ताजमहल के संबंध में दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने याचिका को पोषणीय न मानते हुए खारिज किया है। न्यायमूर्ति डीके उपाध्याय व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने यह आदेश डा रजनीश कुमार सिंह की ओर से दाखिल याचिका पर पारित किया। न्यायालय ने कहा कि याचिका मे जो मांग की गई है, उन्हें न्यायिक कार्यवाही में तय नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने आगे कहा कि ताजमहल के संबंध में रिसर्च एक एकेडमिक काम है, न्यायिक कार्यवाही में इसका आदेश नहीं दिया जा सकता। न्यायालय ने याचिका में उठाए गए विषयों व प्रार्थना को न्यायालय ने पोषणीय नहीं माना है। इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने पहले तो इस याचिका पर सुनवाई से ही इन्कार कर दिया था, लेकिन याचिकाकर्ता के आग्रह पर दो बजे से सुनवाई होगी। लखनऊ खंडपीठ ने आज ही इस मामल के पटाक्षेप का संकेत दे दिया था। कोर्ट ने साफ कहा कि जनहित याचिका की प्रणाली का दुरुपयोग ना करें। आप अपनी जिज्ञासा शांत करने के लिए किसी विश्वविद्यालय में अपना नामांकन कराएं, यदि कोई विश्वविद्यालय आपको ऐसे विषय पर शोध करने से मना करता है तो हमारे पास आएं।

## दिल्ली एयरपोर्ट पर 434 करोड़ की हेरोइन जब्त

### 126 ट्रॉली बैग में छिपाकर युगांडा से दिल्ली लाई गई थी

नई दिल्ली / यूटर्नः इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 62 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई है। अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट के कार्गो कॉम्प्लेक्स में 434 करोड़ रुपए की हेरोइन बरामद हुई है। यह हेरोइन 126 ट्रॉली बैग्स में छिपाकर भारत लाई गई थी। खास बात यह है कि हवाई मोड के माध्यम से यह अब तक की सबसे बड़ी हेरोइन की बरामदगी में से एक है। DRI को इस ड्रग्स की इस खेप को लेकर एक इनपुट मिला था। इसके बाद टीम ने 10 मई को ऑपरेशन शुरू किया, इस ऑपरेशन का नाम 'ब्लैक एंड व्हाइट' रखा गया था। जानकारी के मुताबिक जब टीम मौके पर पहुंची तो एक कार्गो में रखे ट्रॉली बैग से 55



किलो हेरोइन बरामद हुई। ये ड्रग्स युगांडा से दुबई के रास्ते दिल्ली तक लाई गई थी। DRI टीम ने हेरोइन जब्त करने के बाद मौके से एक आरोपी को भी हिरासत में लिया है। आरोपी ने पूछताछ के बाद टीम ने पंजाब और हरियाणा में कई जगह छापेमारी की, इसमें 7 किलो हेरोइन और 50 लाख रुपए कैश भी मिला है। इस पूरे ऑपरेशन में DRI ने अब तक 62 किलो ड्रग्स को जब्त किया। इसकी कीमत अवैध बाजार में करीब 434 करोड़ होने का अनुमान है। टीम ने बताया कि कार्गो में 330 ट्रॉली बैग रखे गए थे। जब्त की गई हेरोइन 126 ट्रॉली बैग्स की खोखली धातु के अंदर छिपाई गई थी। जानकारी के मुताबिक डीआरआई ने साल 2021 में देशभर में करीब 3,300 किलो हेरोइन जब्त की थी। वहीं अगर इस साल की बात करें तो टीम ने जनवरी 2022 से दिल्ली में 34 किलो, मुंद्रा पोर्ट से 201 किलो और पीपावाव पोर्ट से 392 किलो हेरोइन बरामद की है। साथ ही पिछले 3 महीनों में ड्रग्स तस्करी के कई मामले भी दर्ज किए गए हैं, जिससे हवाई यात्रियों से 60 किलोग्राम से अधिक हेरोइन जब्त की गई है।

## केरल के राज्यपाल ने छात्रा के अपमान पर मुस्लिम नेता को लगाई फटकार

तिरुवनंतपुरम / यूटर्नः केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने आज एक मुस्लिम लड़की को अपमानित करने को लेकर एक मुस्लिम नेता को कड़ी फटकार लगाई है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में, मलाप्पुरम जिले के एक मुस्लिम



विद्वान नेता द्वारा लड़की को अपमानित करते हुए देखा गया। वीडियो में मुस्लिम नेता कार्यक्रम के आयोजकों को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए मंच पर लड़की को आमंत्रित करने के लिए डांटते हुए देखे गए थे। जिसके बाद राज्यपाल द्वारा इसपर आश्चर्य जताया गया। उन्होंने इस मामले पर किसी भी विभाग और संस्था द्वारा कोई संज्ञान ना लेने पर भी हैरानी जताई। राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं को आगे न बढ़ने देने का यह एक जीता जागता उदाहरण है। राज्यपाल ने कहा कि यह जानकर दुख हुआ कि मलप्पुरम में एक युवा लड़की को अवार्ड प्राप्त करने के दौरान मंच पर अपमानित किया गया, क्योंकि वह लड़की मुस्लिम परिवार से है। उन्होंने कहा कि यह एक उदाहरण है कि कैसे कट्टर मौलवी मुस्लिम महिलाओं को हाशिए पर धकेलने का कार्य करते हैं। आरिफ खान ने आश्चर्य जताते हुए कहा कि अगर इसपर कोई पहले ही संज्ञान ले लेता तो मुझे बोलने की जरूरत नहीं पड़ती। लेकिन यह आश्चर्य की बात है कि किसी ने बात नहीं की, कोई संज्ञान नहीं लिया। राज्यपाल ने नाराजगी जताते हुए कहा कि क्या अब हम अपनी बेटियों को धार्मिक नेताओं की इच्छा पर छोड़ने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों का अपमान हो रहा हो तो उसपर चुप रहना पाप की तरह है जो मैं नहीं करूंगा।

## देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त बने राजीव कुमार

नई दिल्ली / यूटर्नः राजीव कुमार अगले मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। कानून मंत्रालय की ओर से राजीव कुमार की नियुक्ति को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने बताया कि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने नए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति कर दी है। रावीव कुमार देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। वह सुशील चंद्रा की जगह लेने जा रहे हैं। राजीव कुमार अगामी 15 मई को पदभार संभालेंगे। राजीव कुमार बिहार/झारखंड कैडर 1984 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा के एक अधिकारी हैं, जो फरवरी 2020 में भारतीय प्रशासनिक सेवा से



सेवानिवृत्त हुए हैं।

राजीव कुमार 1 सितंबर 2020 को चुनाव आयुक्त के रूप में भारत के चुनाव आयोग में शामिल हुए। चुनाव आयोग में कार्यभार संभालने से पहले, राजीव कुमार लोक उद्यम चयन बोर्ड के अध्यक्ष थे। वह अप्रैल 2020 में अध्यक्ष पीईएसबी के रूप में शामिल हुए थे।

## एमसीडी का एक्शनः बुलडोजर से तीन मंजिला इमारत गिराई

### लोगों ने पथराव किया, आप विधायक हिरासत में


नई दिल्ली / यूटर्नः एमसीडी का बुलडोजर आज दिल्ली के मदनपुर खादर में चला। यहां टीम ने अवैध रूप से बनी एक तीन मंजिला इमारत को ध्वस्त कर दिया। इससे गुस्साए लोगों ने एमसीडी की टीम पर पथराव कर दिया, इसमें कई कर्मचारी और पुलिस वाले चोटिल हुए हैं। एमसीडी की कार्रवाई का विरोध करने पहुंचे आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। दिल्ली में अतिक्रमण के खिलाफ एमसीडी का बुलडोजर चल रहा है। एमसीडी की टीम आज अमर कॉलोनी, ईस्ट कैलाश, रोहिणी इलाके में पहुंची। भारी संख्या में CRPF और पुलिस के जवान एमसीडी की टीम के



साथ पहुंचे। इस बीच AAP के विधायक अमानतुल्लाह खान मदनपुर खादर में बुलडोजर रोकने के लिए पहुंच गए। मदनपुर खादर में बुलडोजर को देखते ही विरोध शुरू हो गया। लोगों का कहना है कि अचानक यह कार्रवाई की जा रही है। एमसीडी की टीम ने यहां तीन मंजिला इमारत को गिरा दिया। यह बिल्डिंग एक साल पहले ही बनी थी। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि वह इसी बिल्डिंग में रहते थे। उन्हें यह कहकर निकाल दिया गया कि चोट लग सकती है। उन्होंने कहा कि कोई नोटिस नहीं आया, अचानक आज बुलडोजर आ गया। बिल्डिंग के मालिक शाहीन बाग में रहते हैं। आम आदमी पार्टी के MLA अमानतुल्लाह ने MCD की कार्रवाई को अवैध बताया है। खान ने नारेबाजी के बीच कहा कि अगर मेरी गिरफ्तारी से लोगों के मकान बचते हों तो गिरफ्तार कर लीजिए। पुलिस ने लोगों से नारेबाजी न करने की अपील की, लेकिन अमानतुल्लाह खान की मौजूदगी में प्रदर्शन तेज हो गया।

## गांव को मिल सके पानी, इसलिए सैनिक ने दान कर दिया अपना 'रिटायरमेंट फंड'

आगरा / यूटर्नः सीमा पर देश की संप्रभुता की रक्षा करने वाले सैनिक ने गांव वालों के सामने वर्षों से खड़ी विकराल समस्या को अपने मानवता भरे सोच और जज्बे से एक पल में हल कर दिया है। यह प्रेरक प्रकरण आगरा के अछनेरा ब्लाक के कचौरा गांव का है। एक भाई ने अपने खेत में मीठे पानी का स्रोत पाया तो पानी बांटने का विचार आया। धन की कमी को सैनिक रहे दूसरे भाई ने बिना हिचक अपना सेवानिवृत्ति कोष देकर तत्काल पूरा कर दिया। परिणाम, आज पूरा गांव घर पर ही मीठा जल प्राप्त कर रहा है। विशेष बात यह है कि सारी व्यवस्था तकनीकी रूप से विचार कर की गई है और पानी भरने व उसके वितरण की व्यवस्था दोनों भाई नियमित देख रहे हैं। दरअसल कचौरा के ग्रामीणों को मीठा पानी भरने के लिए वर्षों से कई किलोमीटर का सफर तय करना होता था। गांव के



किसान कुंवर जी का खेत नहर किनारे है। लगभग चार वर्ष पहले उन्होंने खेत में सबमर्सिबल पंप लगवाया जिसमें मीठा पानी निकला। उनके मन में तत्काल गांव तक यह पेयजल पहुंचाने का विचार कौंधा। खेत से गांव तक निजी स्तर पर पाइपलाइन बिछाकर पानी पहुंचाने की तकनीकी योजना भी तैयार कर ली, लेकिन समस्या थी धन की। करीब सात किमी लंबी पाइपलाइन और गांव में घर-घर तक पाइप से पानी पहुंचाने के लिए चाहिए थे कम से कम 30-32 लाख रुपये। कुछ समय बाद सेना की सेवा से निवृत्त होकर कुंवर जी के छोटे भाई श्याम सिंह गांव आ गए। राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत पूर्व सैनिक ने समाजहित में भाई को सेवानिवृत्ति पर मिली पूरी राशि सौंप दी। इस धनराशि से खेत से गांव तक पाइप लाइन बिछवाई। घर-घर कनेक्शन भी करवाए। अब हर घर मीठा पानी पी रहा है और वो भी बिल्कुल मुफ्त। आठवीं पास कुंवरजी ने सितंबर 2018 में अपने योजना को अमली जामा पहना दिया। खेत से गांव तक पांच इंच व्यास की पाइपलाइन बिछवाई।

Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma